

RNINo.UPHIN/2016/70293

हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र

# अमिट रेखा

वर्ष 05 | अंक 211 | कुशीनगर | बुधवार 02 जून, 2021 | पृष्ठ 8 | मूल्य 1 रुपये



# नहीं आ रहे अच्छे दिन

**लगातार बढ़ रहे हैं देश में पेट्रोल-डीजल के दाम, कीमतें नयी ऊंचाई पर पहुंची**




नयी दिल्ली,(एजेंसी)। वाहन ईंधन कीमतों में एक महीने में 17वीं बार बढ़ोतरी के बाद देशभर में पेट्रोल और डीजल की कीमतें मंगलवार को नयी ऊंचाई पर जा पहुंचीं। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों की मूल्य अधिसूचना के अनुसार, पेट्रोल की कीमत में 26 पैसे प्रति लीटर और डीजल में 23 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि की गई है। दिल्ली में, पेट्रोल 94.49 रुपये प्रति लीटर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है, जबकि डीजल की कीमत 85.38 रुपये प्रति लीटर है। मूल्यवर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क जैसे स्थानीय करों की वजह से ईंधन की कीमतें एक राज्य से दूसरे राज्य में भिन्न होती हैं। राजस्थान देश में पेट्रोल पर सबसे अधिक मूल्य वर्धित कर (वैट) लगाता है, इसके बाद मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र का स्थान आता है। पेट्रोल की कीमत पहले ही राजस्थान, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के कई शहरों में 100 रुपये का आंकड़ा पार कर चुकी थी, ने शनिवार को मुंबई में इस मनोवैज्ञानिक सीमा को लांघ डाला। उसके बाद से मंगलवार को दूसरी बार कीमतों में वृद्धि हुई है। मुंबई में पेट्रोल की कीमत अब 100.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 92.69 रुपये प्रति लीटर है। मंगलवार को कीमतों में वृद्धि चार मई के बाद से 17 वीं वृद्धि है। पेट्रोल की कीमत में 17 बार में 4.09 रुपये प्रति लीटर और डीजल 4.65 रुपये प्रति लीटर बढ़ी है। पेट्रोलियम कंपनियां पिछले 15 दिन में अंतरराष्ट्रीय बाजार में बेंचमार्क ईंधन की औसत कीमत और विदेशी विनिमय दरों के आधार पर प्रतिदिन पेट्रोल और डीजल की दरों में संशोधन करती हैं। राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में कीमतें देश में सबसे ज्यादा हैं, जहां पेट्रोल 105.52 रुपये प्रति लीटर और डीजल 98.32 रुपये प्रति लीटर है। मई में पेट्रोल 3.83 और डीजल 4.42 रुपए महंगा हुआ मई महीने की बात करें तो इसमें पेट्रोल–डीजल की कीमत में 16 बार इजाफा हुआ। इस दौरान पेट्रोल 3.83 और डीजल 3.88 रुपए महंगा हुआ है। इस महीने से पहले पेट्रोल 90.40 और डीजल 80.73 रुपए प्रति लीटर बिक रहा था। इस साल की बात करें तो 1 जनवरी को पेट्रोल 83.97 और डीजल 74.12 पर था, जो अब 94.49 और 85.38 रुपए प्रति लीटर पर है। यानी 5 महीने से भी कम में पेट्रोल 10.52 और डीजल 11.26 रुपए महंगा हुआ है।

## कच्चे तेल के बाजार में तेजी

अमेरिकी अर्थव्यवस्था लगभग खुल चुकी है। इसके साथ ही यूरोपीय देशों में भी जीवन सामान्य हो रहा है। इससे पेट्रोलियम पदार्थों की मांग बढ़ रही है। यही वजह है कि इन दिनों कच्चे तेल की कीमतें चढ़ ही रही हैं। इस सप्ताह के पहले कारोबारी दिन अमेरिका में ब्रेंट क्रूड 69.70 डॉलर प्रति बैरल पर 0.89 डॉलर तेज था। यूएस वेस्ट टैक्सास इंटरमीडियएट या डब्ल्यूटीआई क्रूड (WTI) भी 0.38 डॉलर चढ़ कर 67.21 डॉलर प्रति बैरल पर चला गया था।

## रोजाना तय होते हैं पेट्रोल-डीजल के रेट

ऑयल मार्केटिंग कंपनियां कीमतों की समीक्षा के बाद रोजाना पेट्रोल और डीजल के रेट तय करती हैं। इंडियन ऑयल , भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम सुबह 6 बजे पेट्रोल और डीजल की दरों बदलाव करती हैं।

पाकिस्तान के मुकाबले भारत में पेट्रोल पर दोगुना टैक्स पड़ोसी देश पाकिस्तान में 52 रुपए लीटर में पेट्रोल मिल रहा है। हालांकि हमारे देश में पेट्रोल–डीजल महंगा नहीं है लेकिन सरकार के टैक्स लगाने के बाद ये बहुत महंगा हो जाता है। हमारे देश में पेट्रोल–डीजल का बेस प्राइस तो अभी 33 रुपए के करीब ही है। लेकिन केंद्र और राज्य सरकारें इस पर टैक्स लगाकर इसे 100 रुपए पर पहुंचा देती हैं। इस पर केंद्र सरकार 33 रुपए एक्साइज ड्यूटी वसूल रही है। इसके बाद राज्य सरकारें इस पर अपने हिसाब से वैट और सेस वसूलती हैं, जिसके बाद इनका दाम बेस प्राइज से 3 गुना तक बढ़ गया है। वहीं पाकिस्तान की बात करें तो वहां पेट्रोल पर कुल 21.04 रुपए प्रति लीटर का टैक्स लगता है। जबकि भारत में 54 रुपए से भी ज्यादा टैक्स वसूला जाता है। पेट्रोल–डीजल महंगा होने से बढ़ रही थोक महंगाई पिछले महीने यानी अप्रैल में थोक महंगाई दर का सूचक यानी होलसेल प्राइस इंडेक्स (WPI) 10.49: रहा है।



**दो दिन कड़ी मशक्कत करने के बाद जम्मू संभाग के उधमपुर जिले में घोरड़ी व बरमीन के जंगल में लगी आग पर सोमवार देर शाम को काबू पा लिया गया। पहले तो एयरफोर्स के चॉपर ने मानसर झील से पानी भर जंगल पर डाला। इससे काफी हद तक आग पर काबू पाने में कामयाबी मिली और शाम को तेज बारिश होने के बाद आग पूरी तरह से बुझ गई।**

## 122 रुपए सस्ता हुआ एलपीजी सिलेंडर

नई दिल्ली,(एजेंसी)। सरकार ने एलपीजी सिलेंडर को लेकर थोड़ी राहत दी है। सरकार ने 19 किलो वाले कमर्शियल सिलेंडर के दाम में 122 रुपए कटौती की है। नए रेट एक जून



से लागू हो गए हैं। 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इससे पहले 1 मई को भी इसके दाम में 45.50 रुपए की कटौती की गई थी। प्रमुख शहरों में 19 किलोग्राम एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत शहर दाम (रुपए में) दिल्ली 1473.50 मुंबई 1422.50 कोलकाता 1544.50 चेन्नई 1603.00 दिसंबर से अब तक 215 रुपए बढ़ी घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत नवंबर में दिल्ली में बिना सब्सिडी वाले गैस सिलेंडर की कीमत 594 रुपए थी। 1 दिसंबर को इसकी कीमत बढ़कर 644 रुपए हो गई थी। 15 दिसंबर को 50 रुपए की बढ़ोतरी के साथ इसकी कीमत 694 रुपए हो गई। 4 फरवरी को कीमत 25 रुपए की बढ़ोतरी के साथ 719 रुपए प्रति सिलेंडर हो गई। इसके बाद 15 फरवरी को फिर 50 रुपए प्रति सिलेंडर बढ़ाए गए। 25 फरवरी को 25 रुपए प्रति सिलेंडर का इजाफा किया गया।

## ब्लैक फंगस के इलाज की बजाए औपचारिकताओं में क्यों फंसा रही है सरकार ?: राहुल

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने देश में ब्लैक फंगस के मामलों को लेकर मंगलवार को केंद्र सरकार से सवाल किया कि वह उपचार मुहैया कराने की बजाय



जनता को औपचारिकताओं में क्यों फंसा रही है ? उन्होंने ट्वीट किया, श्ब्लैक फंगस महामारी के बारे में केंद्र सरकार स्पष्ट करे कि एम्फोटेरिसिन–बी दवाई की कमी के लिए क्या किया जा रहा है? मरीज को यह दवा दिलाने की क्या प्रक्रिया है? इलाज देने की बजाय मोदी सरकार जनता को औपचारिकताओं में क्यों फंसा रही है?ष्य कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने भी देश में म्यूकोर माइकोसिस (ब्लैक फंगस) के मामलों में बढ़ोतरी और जरूरी दवा की कथित कमी को लेकर चिंता प्रकट करते हुए कुछ दिनों पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर आग्रह किया था कि इस बीमारी के मरीजों को राहत प्रदान करने के लिए तत्काल जरूरी कदम उठाए जाएं।

## यूपी के 3 और जिलों में कोरोना कर्फ्यू में ढील, अब सिर्फ 11 शहरों में पाबंदी

लखनऊ,एजेन्सी। यूपी के 3 और जिलों में कोरोना कर्फ्यू में ढील दी गई है। लखीमपुर खीरी, गाजीपुर, जौनपुर जिले में एक्टिव केसों की संख्या 600 से कम होने पर बुधवार से केवल कंटेनमेंट जोन को छोड़कर सभी बाजारों को सवेरे 7 बजे से शाम 7 बजे तक खोले जाने की अनुमति प्रदान कर दी गई है। इन सभी जिलों में वीकेंड और नाइट कर्फ्यू लागू रहेगा। अब आंशिक कोरोना कर्फ्यू सिर्फ यूपी के 11 जिलों में ही रहेगा। नई गाइडलाइन में कहा गया है कि बाजारों में भीड़भाड़ न हो इसके लिए दुकानदारों तथा लोगों को दिशा निर्देश भी दिए हैं, जबकि



शनिवार व रविवार को साप्ताहिक लॉकडाउन रहेगा। इन दो दिनों में सेनेटाइजेशन का काम किया जाता रहेगा। शर्त यह भी है कि अगर जिले में एक्टिव केस की संख्या 600 को पार कर जाती है तो यह ढील समाप्त करते हुए पुरानी व्यवस्था को लागू कर दिया जायेगा। कोरोना कर्फ्यू में ढील के दौरान भी स्कूलों का संचालन नहीं किया जाएगा और ऑनलाइन शिक्षा जारी रहेगी। बाजारों में मास्क, सैनेटाइजेशन, दो गज की दूरी का पालन न करने पर महामारी अधिनियम के तहत कड़ी कार्यवाही करने की चेतावनी दी गई है। सरकारी कार्यालय 50 प्रतिशत उपस्थिति के साथ खुलेंगे। निजी कम्पनियों के कार्यालय को भी कोविड गाइडलाइन का पालन करते हुए खोला जाएगा। औद्योगिक संस्थान खुले रहेंगे। सब्जी मण्डियां पूर्व की भांति खुली रहेंगी। घनी आबादी में संचालित सब्जी मण्डियों को खुले स्थान पर संचालित किया जाएगा। रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट एवं रोडवेज बस में दो गज की दूरी मास्क की अनिवार्यता तथा सेनेटाइजेशन की व्यवस्था के साथ–साथ स्क्रीनिंग व एण्टीजन टेस्टिंग भी की जाएगी। बेसिक, माध्यमिक व उच्च शिक्षा के शिक्षकों एवं कर्मचारियों को प्रशासनिक कार्यों से विद्यालय आने–जाने की अनुमति होगी।

## वॉर्डबॉय ने प्रेमिका को जहर का इंजेक्शन लगाकर मार डाला

मुंबई,(एजेंसी)। शादी के लिए दबाव डालने वाली प्रेमिका की इंजेक्शन देकर हत्या करने वाले आरोपी को पनवेल शहर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, निर्माणाधीन एयरपोर्ट साइड कोली कोपर गांव के पास महिला का शव बरामद हुआ था। पनवेल के रहने वाले रमेश शिवराम ठोंबरे ने शव की पहचान करते हुए बताया कि वह उसकी बहन है। उसने बताया कि पनवेल के तुरमाले गांव में रहने वाले पटेल हॉस्पिटल के वॉर्डबॉय चंद्रकांत गायकर के साथ प्रेम संबंध था। कुछ दिन पहले उसके साथ फोन पर विवाद हुआ था। पनवेल पुलिस थाने के अधिकारियों के मुताबिक, 29 मई को पनवेल के उस इलाके में एक युवती का शव बरामद हुआ, जहां हवाई अड्डा बनना है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि शुरुआत में युवती की पहचान नहीं हो सकी, क्योंकि शव के पास किसी भी तरह की आईडी या कागजात नहीं मिला। हालांकि, 30 मई को एक ऑटो ड्राइवर को एक प्लास्टिक बैग मिला, जिसमें एक आधार कार्ड, एक पर्स और महिला के कुछ कपड़े थे। कुछ समय बाद एक शख्स पुलिस थाने पहुंचा और उसने शव की शिनाख्त की। इसके अलावा उसने ऑटो ड्राइवर को मिले सामान की पहचान की और उन्हें युवती का बताया। रमेश ने पुलिस को बताया कि पनवेल के एक अस्पताल में काम करने वाले चंद्रकांत गायकर से उसकी बहन का अफेयर था।

## मोदी सरकार की दिशाहीनता ने टीके के उत्पादन और वितरण दोनों को चौपट किया : प्रियंका गांधी

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने केंद्र सरकार की टीकाकरण नीति को विफल करार देते हुए मंगलवार को आरोप लगाया कि इस सरकार की दिशाहीनता के कारण ही टीके का उत्पादन और वितरण दोनों चौपट हो गया है। उन्होंने सरकार से प्रश्न पूछने की अपनी श्रृंखला शजिम्मेदार कौनष्य के तहत किए गए फेसबुक पोस्ट में यह दावा भी किया कि केंद्र सरकार की नीति के चलते इस वक्त देश में टीके के अलग अलग दाम हैं तथा इंटरनेट एवं दस्तावेजों से वंचित लोगों को टीका लगाने की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। प्रियंका ने कहा, श्विशेषज्ञों का मानना है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों का, और जल्द टीकाकरण कोरोना वायरस को हराने के लिए जरूरी है। जिन देशों ने अपने यहां ज्यादा आबादी को टीका लगवाया, उनके यहां कोविड–19 महामारी की दूसरी लहर का कम प्रभाव पड़ा। हमारे देश में दूसरी लहर, पहली लहर से 320 फीसदी ज्यादा भयानक साबित हुई। इसके लिए जिम्मेदार कौन? ष्य उन्होंने आरोप लगाया, श भारत के पास चेचक, पोलियो का टीका घर–घर पहुंचाने का अनुभव है, लेकिन मोदी सरकार की दिशाहीनता ने कोविड रोधी वैक्सीन के उत्पादन और वितरण दोनों को चौपट कर दिया है।ष्य कांग्रेस महासचिव ने कहा, श15 अगस्त 2020 के भाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के हर एक नागरिक का टीकाकरण करने की जिघ्म्मेदारी लेते हुए कहा था कि पूरा खाका तैयार है। लेकिन अप्रैल 2021 में, दूसरी लहर की तबाही के दौरान, मोदी जी ने सबको वैक्सीन देने की जिघ्म्मेदारी से अपने हाथ खींचते हुए, इसका आधा भार राज्य सरकारों पर डाल दिया।ष्य उन्होंने दावा किया, श्आज कई टीकाकरण केन्द्रों पर ताले लटके हैं एवं 18–45 साल के आयुवर्ग की आबादी को वैक्सीन लगाने का काम बहुत धीमी गति से चल रहा है।

## केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल एम्स में हुए भर्ती

नई दिल्ली,(एजेंसी)। केंद्रीय शिक्षा मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक का स्वास्थ्य अचानक बिगडने के बाद मंगलवार सुबह उन्हें दिल्ली के एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। निशंक अप्रैल महीने के दौरान कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे। कोरोना वायरस के संक्रमण से उबरने के बाद मंगलवार 1 जून को उनकी तबीयत खराब हो गई। केंद्रीय शिक्षा मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक को कोरोना ठीक होने के बाद स्वास्थ्य संबंधी कुछ परेशानियों के कारण एम्स में भर्ती कराना पड़ा है। डॉक्टरों ने फिलहाल निशंक का उपचार शुरू कर दिया है। एम्स के अधिकारी ने निशंक को अस्पताल में भर्ती कराए जाने की पुष्टि की है। साथ ही उन्होंने बताया कि डॉ निशंक की जांच की जा रही है फिलहाल स्वास्थ्य को लेकर कोई गंभीर प्रश्न सामने नहीं आए हैं। 21 अप्रैल को केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे। उन्होंने कोरोना नियमों का पालन करते हुए स्वयं को घर पर ही आइसोलेट कर लिया था।

**अलीगढ़ शराब कांड**

## अब तक 36 लोगों की मौत की पुष्टि, पुलिस के कई बड़े अधिकारी निलंबित

अलीगढ़,(एजेंसी)। जिले में जहरीली शराब पीने से 11 और लोगों की मौत के साथ इस घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 36 हो गई है। इस बीच, उत्तर प्रदेश शासन ने एक पुलिस उपाधीक्षक को निलंबित कर दिया और दो अन्य से स्पष्टीकरण मांगा गया है। इसके अलावा आबकारी विभाग के दो वरिष्ठ अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है तथा भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी आबकारी आयुक्त पी गुरुप्रसाद को हटाकर रिग्जियान सैम्फिल को नया आबकारी आयुक्त बनाया गया है। दूसरी तरफ, पुलिस ने तीसरे दिन भी छापेमारी जारी रखी और प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से शराब कारोबार में शामिल 10 और लोगों को गिरफ्तार कर लिया। अलीगढ़ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कलानिधि नैथानी ने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि आज 10 लोगों की गिरफ्तारी के साथ ही शुक्रवार से गिरफ्तार किए गए आरोपियों की कुल संख्या तीस तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के धंधे में लिप्त पाए जाने वालों की संपत्ति कुर्क करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर भानु प्रताप कल्याणी ने सोमवार को यहां संवाददाताओं से कहा, पिछले शुक्रवार को जहरीली शराब से मौतों का मामला सामने आने के बाद से सोमवार पूर्वाह्न तक कुल 71 शव पोस्टमॉर्टम के लिए लाए गए, जिनमें से 36 लोगों की मौत की वजह जहरीली शराब पीना है।ष्य बाकी 35 शवों के बारे में पूछे जाने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि इस बात का संदेह है।

# युवा मीडिया बंधुओं ने वैक्सीनेशन अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाई

हमीरपुर। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयास से कोविड मुक्त अभियान में फ्रंट लाइन में शामिल मीडिया हेतु विशेष शिविर आयोजित करने के क्रम में आज जिलाधिकारी ज्ञानेश्वर त्रिपाठी ने जिला पंचायत परिसर में स्थित झलकारी बाई सभागार में वैक्सीनेशन शिविर आयोजित किया गया जिसमें १८ से ४५वर्ष तक के युवा कलमकारों ने वैक्सीनेशन कराने में अहम भूमिका निभाई। वहीं युवा कलमकारों ने मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी के प्रयासों की सराहना करते हुए संकल्प लिया कि वैक्सीनेशन अभियान में सदैव तत्पर रहते हुए लक्ष्य की पूर्ति करने में सहभागिता निभाने के लिए कोई कसर नहीं रखेंगे। बताते चलें कि प्रदेश की योगी सरकार की ओर से कोरोना के खिलाफ लड़ाई में मीडिया और उनके परिवारों को टीकाकरण में प्राथमिकता देने की घोषणा की थी जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि पत्रकारों के लिए अलग से वैक्सीनेशन सेंटर बनाए जाएं और प्राथमिकता के आधार पर उनका वैक्सीनेशन किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा है कि सभी पत्रकारों को वैक्सीन लग जाए, इसे सुनिश्चित कराएं। मुख्यालय के जिला पंचायत स्थित झलकारी बाई में देश के चौथे स्तंभ पत्रकारों को उनके परिजनों सहित जो कि 18 वर्ष से ऊपर के है को जिला अधिकारी डॉक्टर



ज्ञानेश्वर त्रिपाठी के आदेश के अनुसार स्वास्थ्य विभाग की टीम ने वैक्सीनेशन कराया। जिले के पत्रकारों ने वैक्सीनेशन के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए आगे बढ़कर अपने परिवार के साथ वैक्सीनेशन को बढ़ावा दिया है। सोमवार की सुबह 10रू00 बजे से शाम 5रू00 बजे तक जिले के अधिकतर पत्रकारों ने अपने परिवार के साथ वैक्सीनेशन करवा कर लोगों को जागरूक किया। पत्रकारों ने सोशल मीडिया के माध्यम से जिले के सभी पत्रकारों को वैक्सीनेशन के प्रति सूचित किया गया। इस वैक्सीनेशन के कार्यक्रम की अध्यक्षता में प्रेम दत्त दीक्षित ने आगे बढ़कर अपने पत्रकार बंधुओं को फोन द्वारा सूचित किया और उनकी अध्यक्षता में पत्रकार बंधुओं ने अपने परिवार सहित वैक्सीनेशन के कार्यक्रम में आगे बढ़कर सहभागिता सहित सहयोग प्रदान किया। इस वैक्सीनेशन कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार प्रेम दत्त दीक्षित, अनिल सोनी, पवन तिवारी, मैहर मधुर निगम, नागेंद्र कुमार जोशी, आशुतोष दिक्षित, आशीष दीक्षित, राजेश सोनी, अभिषेक द्विवेदी, अंकित पांडे आदि पत्रकार बंधुओं ने आगे बढ़कर सहयोग प्रदान किया।

## सड़क पर निकले एसपी, मास्क न लगाने वालों को फटकारा

फर्रुखाबाद, (यूएनएस)। मंगलवार को जिले में कोरोना कर्फ्यू हट गया। तमाम अपील के बावजूद तमाम लोग मास्क पहनने को तैयार नहीं हैं। जिसके चलते पुलिस के अधिकारी कोविड–19 की गाइड लाइन का पालन कराने के लिए सड़क पर उतरे। एसपी अशोक कुमार मीणा ने शहर के मुख्य बाजार में भ्रमण कर बगैर मास्क लगाए घूम रहे लोगों को जमकर फटकार लगाई। एसपी ने कोविड–19 गाइड लाइन को न मानने वालों पर सख्ती शुरू कर दी है। मंगलवार दोपहर एसपी अशोक कुमार मीणा नें अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ शहर क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान एसपी ने राह चलते लोगों से मास्क पहनकर दो गज की दूरी बनाने की अपील की। उन्होंने दुकानदारों से कहा कि दुकानों के बाहर दो गज की दूरी बनाकर गोले बनाये जाएं ताकि ग्राहकों के बीच दूरी बनी रहे। साथ ही सेनेटाइजर का उपयोग करें। इस दौरान बगैर मास्क वाहन चलने वालों का चालान भी किया गया। कुछ दुकानों में ग्राहकों की भीड़ होने पर और मास्क का प्रयोग न करने पर एसपी ने जमकर फटकार लगाई। एसपी ने कहा कि कोविड–19 की गाइडलाइन का पालन कर कोरोना संक्रमण से बचा जा सकता है। सभी लोग नियमों को मानें वरना सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने जनता से अपील की है कि अपने परिवार और बच्चों से कोविड–19 गाइडलाइन का पालन करायें। मास्क पहनकर निकलें, सेनेटाइजर से बार–बार हाथों धोयें और दो गज की दूरी बनाकर रखें। कर्फ्यू खुलनें का मतलब कोरोना का खतरा अभी टला नही है।

## जिले में कुल 9 नये कोरोना संक्रमित, पॉजिटिव मरीजों की संख्या केबल 172

फर्रुखाबाद, (यूएनएस)। जनपद में कोरोना से संक्रमित मरीजों की संख्या लगभग ना के बराबर पंहुच गयी है। मंगलवार को कुल 9 मरीज संक्रमित निकले। कोरोना रिपोर्ट में राजेपुर में बलीपट्टी रानी गाँव में 60 वर्षीय वृद्ध, सेन्ट्रल जेल चौराहा बेबर रोड निवासी 35 वर्षीय महिला, सेन्ट्रल जेल के दो बंदी, मसेनी निवासी 35 वर्षीय युवक, कमलागंज के खुदागंज निवासी 36 वर्षीय महिला, मोहम्मदाबाद के खिमसेपुर निवासी 70 वर्षीय वृद्ध कोरोना संक्रमित निकले। जबकि दो सक्रमितों की बीते 24 घंटे में मौत हो गयी। संक्रमितों की जिले में संख्या 172 हो गयी। जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह नें भीड़ ना लगाने, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करनें, मास्क का प्रयोग करनें की अपील आम जनता से की है।

## सड़क पर बिना मास्क के निकले लोगों के खिलाफ कार्यवाही

फर्रुखाबाद, (यूएनएस)। पुलिस जो समझाने की कोशिश में जुटी है, नागरिक उसे समझ जाएं तो कोरोना महामारी का संकट टाला जा सकता है। असल में पुलिस लोगों को समझाइश दी रही है कि बिना किसी आकस्मिकता के घर से बाहर न निकलिए, शारीरिक दूरी और मास्क के निर्देश का पालन करिए। तब भी रोजाना हजारों की तादात में लापरवाह पकड़े जा रहे हैं। पुलिस नें तमाम लापरवाहों के खिलाफ कार्यवाही की। जिससे हड़कंप मच गया। दरअसल सोमवार को राज शहर कोतवाली पुलिस व यातायात पुलिस नें मास्क चेकिंग अभियान चलाया। इसके साथ ही लोगों को बताया कि मंगलवार से कर्फ्यू हट रहा है लेकिन उसके बाद भी बिना मास्क के सड़क पर दिखे तो कार्यवाही होगी। कोरोना संक्रमण की चेन तोड़ने में जुटी पुलिस के अभियान पर तमाम लापरवाह नागरिक पानी फेरने पर आमादा हैं। मुंह पर मास्क न लगाने वाले राहगीरों के खिलाफ पुलिस सख्त हुई और जमकर कार्यवाही कर चालान काटे। जिससे हड़कंप मच गया। कार्यवाही कर रहे घुमना चौकी इंचार्ज शिव शंकर तिवारी नें बताया कि शासन की मंशा अनुरूप व प्रशासन द्वारा जारी कोरोना गाइड लाइन का पालन कराने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान नागरिकों को कोरोना संक्रमण के खतरे के प्रति आगाह करते हुए लापरवाह रवैया अपनाने वालों पर सख्ती की जा रही है।

## डीपीआरओ कार्यालय में 11 साल से लापता सफाई कर्मियों का 1 करोड़ 24 लाख का एरियर

फर्रुखाबाद, (यूएनएस)। विभागीय पैंतरेबाजी के चक्कर में वर्षों से कर्मचारियों के डीए एरियर का 1 करोड़ 24 लाख 73 हजार उन तक नही पंहुच सका। विभागीय बाबू उसके ब्याज से ही मालामाल हुए जा रह है। दरअसल वर्ष 2011–12 में जनपद के लगभग एक हजार ग्रामीण सफाई कर्मियों के लिए सरकार नें सफाई कर्मचारियों का एरियर भेजा था। जिसकी हवा विभागीय लिपिकों नें आज तक सफाई कर्मियों को नही लगने दी। लगभग 1 करोड़ 24 लाख 73 हजार का भुगतान कर्मचारियों में नकद होना था। इसके बाद भी इसकी हवा उन्हें नही लगने दी गयी। लगभग 6 वर्षो तक विभागीय बाबू अफसरों की मिली भगत से उसका ब्याज निकाल कर अपनीं जेबें भरते रहे। जब इसकी भनक कर्मियों को लगी तो 2018–19 में इसकी आबाज को उत्तर–प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष विमल कुमार व विशेष सलाहकार अरविन्द चन्द्र आदि के द्वारा जनपद में पंचायती राज विभाग के सफाई कर्मचारियों का एरियर भुगतान की मांग की गयी।

# ऑनलाइन शिक्षा की निगरानी के लिए 10 नोडल अधिकारी

बांदा, (यूएनएस)। ऑनलाइन शिक्षा की अब मॉनिटरिंग अब जिला स्तर पर ही की जाएगी। इसके लिए विभाग ने क्षेत्रवार 10 नोडल अधिकारी तैनात किए हैं। यह अपने क्षेत्र के विद्यालयों की ऑनलाइन शिक्षा गतिविधियों पर नजर रखते हुए रिपोर्ट जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय को अवगत कराएंगे। कोरोना संक्रमण काल में विद्यालय बंद चल रहे हैं। शासन के आदेश पर पिछली 20 मई से ऑनलाइन कक्षाएं शुरू करने के आदेश जारी किए गए थे। जनपद के सभी 163 विद्यालयों का दावा है कि उनके यहां ऑनलाइन शिक्षा दी जा रही है। अधिकांश विद्यालयों के प्रधानाचार्यों का कहना है कि कक्षा 10 और 12वीं में अध्ययनरत




छात्र–छात्राओं को व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से कक्षाएं संचालित की जा रही है। 40 मिनट का वीडियो बनाकर शिक्षक अपने ग्रुप में बच्चों को विषय वार भेज रहे हैं। हालांकि, इस प्रक्रिया में नेटवर्क समस्या आड़े आ रही है। उधर, जिला विद्यालय निरीक्षक ने ऑनलाइन शिक्षा का कड़ाई से अनुपालन करने के लिए क्षेत्रवार नोडल अधिकारी नियुक्त कर दिए हैं। आदेश के 10 दिन बीतने पर नोडल अधिकारियों से ऑनलाइन शिक्षा की रिपोर्ट मांगी जा रही है। नगर क्षेत्र में प्रधानाचार्य, डीएवी इंटर कॉलेज, बांदा के डॉ. आनंद कुमार, बड़ोखर खुर्द क्षेत्र में प्रधानाचार्य, राजकीय हाईस्कूल, करहिया के डॉ. दयानिधान, तिंदवारी क्षेत्र में प्रधानाचार्य, पंडित. रणछोड़दास इंटर कॉलेज, खप्टिहा कलां के महेंद्र कुमार, जसपुरा क्षेत्र में पंडित जेएन अखंड इंटर कॉलेज के प्रवक्ता चंदवारा के अजीत कुमार, महुआ क्षेत्र में प्रधानाचार्य, राजकीय हाईस्कूल, बड़ोखर बुजुर्ग के डॉ. शशि मिश्रा, नरैनी क्षेत्र में राजकीय हाईस्कूल, बरूवा कालिंजर के प्रहलाद गुप्ता, अतर्रा क्षेत्र में प्रधानाचार्य, ब्रह्म विज्ञान इंटर कॉलेज, अतर्रा के शिवदत्त त्रिपाठी, बिसंडा क्षेत्र में प्रधानाचार्य, आदर्श इंटर कॉलेज, बिसंडा के डॉ. योगेंद्र कुमार मिश्रा, बबेरू क्षेत्र में प्रधानाचार्य, जेपी शर्मा इंटर कॉलेज, बबेरू के डॉ. अनिल कुमार सिंह, कमासिन क्षेत्र में प्रधानाचार्य, विनोबा इंटर कॉलेज, कमासिन के चंद्रपाल यादव को नोडल अधिकारी नामित करते हुए ऑनलाइन शिक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# केंद्र ,संगठन और संघ का एक साथ यू पी पर फोकस

लखनऊ, (यूएनएस)। यूपी से होकर ही दिल्ली की सत्ता तक पहुँचने का रास्ता जाता है। बीजेपी हर हाल में यूपी ठीक रखना चाहती है। पीएम भ यू पी देता है। 80 संसद सदस्य देने वाले सूबे की बदौलत हुकूमत करने का मौका मिल रहा है। कांग्रेस को झटका दिया यू पी ने तो दिल्ली दूर हो गई। यूपी में केंद्र सरकार, बीजेपी हाईकमान और संघ एक 8 यहां सक्रिय हो उठे हैं, ऐसा पहले कभी नहीं दिखा है। तरह–तरह की अटकलें लगाईं जा रही हैं। अटकलों के आधार पर सरकार में फेरबदल से लेकर संगठन तक बदलाव की बात लोग कर रहे हैं। अटकलों का क्या, लग गई तो तीर अन्यथा तुक्का। बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव बीएल संतोष सोमवार से प्रदेश की राजधानी लखनऊ में कैंप कर रहे हैं।उनके साथ पार्टी के उपाध्यक्ष राधेमोहन सिंह भी हैं। वो सरकार के मंत्रियों, बीजेपी कोर कमेटी के सदस्यों, दोनों उपमुख्यमंत्रियों और आरएसएस के प्रचारकों के साथ अलग–अलग गुफ्तगू कर चुके हैं। यूपी को लेकर दिल्ली में भी हाई लेवल की बैठक हो चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस के सरसंघवाह दत्तात्रेय होसबोले भी मौजूद थे। उत्तर प्रदेश में अगले साल यानि 2022 में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर यह हो रहा है। देश की सियासत के हिसाब से उत्तर प्रदेश बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि उत्तर प्रदेश में पकड़ बनाने का मतलब है कि दिल्ली में मजबूत है। जबसे बीजेपी को बंगाल और उत्तर प्रदेश के पंचायत चुनाव में हार का सामना करना पड़ा है तब से उसका केंद्रीय नेतृत्व परेशान है। कहा जा रहा है कि उत्तर प्रदेश के मंत्रिमंडल में विस्तार हो सकता है, संगठन में भी बदलाव हो सकता है। नाखुशो को मनाने का प्रयत्न भी हो सकता है। जो बगावत करके पंचायत चुनाव लड़े और जीते उन्हें अपनाने का उपक्रम चल रहा है। बीएल संतोष के साथ बैठक में प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, संगठन महामंत्री सुनील बंसल और 6 क्षेत्रीय अध्यक्ष और 7 महामंत्री भी शामिल हैं। बीएल संतोष सरकार सरकार के कामकाज का पूरा फीडबैक ले रहे हैं। बीएल संतोष उत्तर प्रदेश के दोनों उप मुख्यमंत्रियों केशव प्रसाद मौर्य और दिनेश शर्मा के साथ मन्त्रणा भी अहम है।

# भगवान का भी हो आधार, तभी बिकेगी फसल

बांदा, (यूएनएस)। भगवान श्रीराम, श्रीकृष्ण और लक्ष्मी–नारायण के आधार कार्ड नहीं हैं। इनके मंदिरों में पैदा हुआ गेहूं बेचने में यह सरकारी शर्त आड़े आ गई है। तर्क दिया जा रहा कि जिसके नाम जमीन है, उसी का आधार कार्ड हो, तभी रजिस्ट्रेशन होगा। नतीजे में चित्रकूटधाम मंडल के 34 मंदिरों में 445 हेक्टेयर जमीन में पैदा हुए गेहूं की बिक्री सरकारी खरीद केंद्रों में अटक गई है। अधिकारियों ने बगैर रजिस्ट्रेशन गेहूं खरीद से मना कर दिया है। कहा कि मंदिरों से संबद्ध जमीनों का गेहूं खरीदने को रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है, जबकि रजिस्ट्रेशन के लिए आधार जरूरी है। चित्रकूटधाम मंडल के सरकारी खरीद केंद्रों में इन दिनों गेहूं की



खरीद चल रही है। आम किसान तो तमाम जद्दोजहद और कई–कई दिन इंतजार के बाद बमुश्किल अपनी फसल यहां बेच पा रहे हैं, लेकिन धार्मिक स्थलों के नाम दर्ज भूमि में हुई फसल सरकारी शर्तों में फंस गई है। गेहूं बेचने के लिए पहले रजिस्ट्रेशन कराना होता है। यह रजिस्ट्रेशन उसी के नाम होता है जिसके नाम जमीन है। मंदिर या अन्य धार्मिक स्थलों की भूमि संबंधित धार्मिक स्थल के नाम ही अभिलेखों में दर्ज है। खरीद में यही पेच फंस गया है। इन देवताओं या धार्मिक स्थलों के नाम आधार कार्ड नहीं बने हैं। कंप्यूटरीकृत सिस्टम से हो रहे रजिस्ट्रेशन में शर्त है कि खतौनी में दर्ज भूमि मालिक के नाम का ही आधार कार्ड होना चाहिए। अधिकारियों ने शासनादेश का हवाला देते हुए बगैर रजिस्ट्रेशन के अनाज खरीदने से इनकार कर दिया है। मजबूरन संरक्षकों को अब मंदिर की जमीन में पैदा हुए गेहूं को बाजार में औने–पौने दामों पर बेचना पड़ रहा है। अतर्रा तहसील के खुरहंड गांव में स्थित श्रीराम–जानकी मंदिर के संरक्षक राम कुमार दास का कहना है कि मंदिर में 40 बीघा जमीन भगवान राम–जानकी के नाम अभिलेखों में दर्ज है। सरकारी क्रय केंद्रों में गेहूं बेचने के लिए पहले तो रजिस्ट्रेशन नहीं हो रहा था। रजिस्ट्रेशन किसी तरह हो गया तो एसडीएम सत्यापन नहीं कर रहे। उनका कहना है कि जमीन मालिक का आधार लाओ। अब भगवान का आधार कार्ड से कहां से लाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधान, दो बीडीसी समेत 1200 सदस्यों के पद रिक्त

बांदा, (यूएनएस)। राज्य निर्वाचन आयोग (पंचायत व नगरीय निकाय) प्रदेश में रिक्त प्रधान, डीडीसी, बीडीसी सहित ग्राम पंचायत सदस्यों के निर्वाचन को लेकर मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी,जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए वार्ता करेगा। जनपद में एक प्रधान, दो बीडीसी सदस्य सहित करीब 1200 ग्राम पंचायत सदस्य के पद रिक्त हैं। जल्द उप चुनाव का एलान हो सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद के बड़ोखर विकास खंड के ग्राम पंचायत लुकतरा में 29 अप्रैल को प्रधान प्रत्याशी कुसमा देवी व जसपुरा ब्लाक के वार्ड नौ (पिपरोदर) में बीडीसी प्रत्याशी फरीदा खातून व 30 अप्रैल को नरैनी ब्लाक के वार्ड 29 (पल्हरी) में बीडीसी प्रत्याशी क्रांति देवी की मौत हो गई थी, जबकि यह तीनों प्रत्याशी बाद में विजयी घोषित किए गए। लिहाजा यहां दोबारा चुनाव कराया जाएगा। इसी प्रकार जनपद के करीब 1200 वार्डों में ग्राम पंचायत सदस्य पद पर कोई नामांकन न होने से यह पद रिक्त चल रहे हैं। इससे जिले की 469 ग्राम पंचायतों में 95 ग्राम पंचायतों में सदस्यों का कोरम पूरा नहीं हो पा रहा है। यहां प्रधानों को शपथ न दिलाने से कामकाज भी प्रभावित है। आयोग ने पिछले दिनों रिक्त पदों की जानकारी मांगी थी।

### गांवों में मलेरिया रोगियों का पता लगाएगी टीम

बांदा, (यूएनएस)। कोरोना संक्रमण के साथ ही मलेरिया और डेंगू बुखार की दस्तक से स्वास्थ्य विभाग चौकन्ना हो गया है। सीएमओ डॉ. एनडी शर्मा ने ब्लॉक, पंचायत व ग्राम स्तर पर मलेरिया रोधी माह जून मनाने के निर्देश दिए हैं। मौजूदा समय में मच्छर जनित बीमारियों की आशंका बढ़ गई है। यह 1 से 30 जून तक मनाया जाएगा। जिला मलेरिया अधिकारी पूजा अहिरवार ने सीएमओ के हवाले से बताया कि मलेरिया रोधी माह में स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव–गांव जाकर बुखार से पीड़ित लोगों को चिह्नित करेगी। मलेरिया व डेंगू की पुष्टि के लिए जांच भी कराएगी। पंपलेट्स के माध्यम से रुके पानी में पैदा होने वाले एनाफिलीज मादा मच्छर के विषय में लोगों को बचाव व उपचार के लिए जागरूक किया जाएगा। मलेरिया संक्रमण के बाद सर्दी, कंपन के साथ बुखार आता है। तेज सिर दर्द व बुखार के अलावा बुखार उतरते समय पसीना अधिक आता है। मनुष्य के शरीर में मलेरिया परजीवी के प्रवेश करने के बाद 14 से 21 दिन के अंदर बुखार आता है। उन्होंने बताया कि जनपद की सभी चिकित्सा इकाइयों में मलेरिया बुखार की जांच निःशुल्क होती है। बुखार पीड़ित व्यक्तियों के चिन्हांकन की जिम्मेदारी आशा व एएनएम को सौंपी गई है। उनमें संदिग्ध लक्षण से पीड़ित मरीजों की पहचान कर उन्हें सीएचसी व पीएचसी तक भेजकर उनकी जांच कराएंगे। सलाह दी गई कि रुके हुए पानी के स्थानों को मिट्टी से भर दें। यदि संभव न हो तो उसमें मिट्टी का तेल या डीजल, जला हुआ मोबिल आयल डाल दें। सोते समय मच्छरदानी अथवा मच्छर भगाने की क्रीम का प्रयोग करें।

### अनियंत्रित स्कार्पियों ट्रैक्टर ट्राली में घुसी, तीन घायल

उरई/जलौन, (यूएनएस)। जोल्हूपुर–मदारीपुर मार्ग पर मंगलवार की सुबह सोहरापुर के पास आगे चल रहे ट्रैक्टर ने ब्रेक लगा दिए। इससे पीछे से आ रही स्कार्पियो अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्राली में घुस गई। इस हादसे में स्कार्पियो सवार तीन लोगों घायल हो गए। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को देते हुए घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गडगुवा निवासी धर्मेंद्र (24) अपने पड़ोसी चंदशेखर (30) और रामशरण (28) के साथ कालपी से वापस अपने गांव आ रहा था। सोहरापुरा के पास आगे चल रहे ट्रैक्टर–ट्राली के चालक ने ब्रेक लगा दी, जिससे स्कारर्पियो अनियंत्रित होकर ट्रॉली में घुस गई। इससे स्कार्पियो सवार तीनों लोग घायल हो गए। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। साथ ही लोगों को सीएचसी में पहुंचाया। वहां से तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### एक संक्रमित मिला

उरई/जलौन, (यूएनएस)। जिले में मंगलवार की रात आई रिपोर्ट के मुताबिक सिर्फ एक कोरोना संक्रमित पाया गया है। जिससे स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने राहत की सांस ली है। जिले में कुल संक्रमितों की संख्या 11409, मौत की संख्या 183 और एक्टिव केस की संख्या 125 हो गई है। 11101 व्यक्ति ठीक हो गए हैं। सीएमओ डॉ ऊषा सिंह ने बताया कि लगातार हो वैक्सीनेशन और जागरूकता अभियान से संक्रमण पर तेजी से काबू किया जा रहा है। मंगलवार को 14 व्यक्ति अस्पताल से स्वस्थ होकर घरों को भी लौट गए हैं।

### भाकपा ने भाजपा सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

उरई/जलौन, (यूएनएस)। भाकपा माले नेता व एक्टू के प्रदेश उपाध्यक्ष कामरेड रामसिंह चौधरी के नेतृत्व में कलक्ट्रेट पर भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। कामरेड रामसिंह चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार में दमन और भय, भूख तथा मौतों में भी कालाबाजारी, लूट, महंगाई और भ्रष्टाचार चरम पर है। पीएम नरेंद्र मोदी ने मन की बात में जहरीली शराब हुई मौतों पर कोई जवाब नहीं दिया। इसके अलावा राहत के नाम पर भी कुछ नहीं गिया। उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने मजदूरों, खेत मजदूरों, मनरेगा मजदूरों को एक हजार रुपये राहत देने की बात कही थी, मगर लॉकडाउन के चलते मजदूरों को एक रुपये तक नहीं मिला। कहा कि जिन मजदूरों ने आत्महत्या की है, उनको सरकार उचित मुआवजा दे तथा मजदूरों को 50 किलो गेहूं, 30 किलो चावल, दाल, मसाला तेल आदि भी उपलब्ध करवाया जाए। इस दौरान प्रांतीय किसान नेता राजीव कुशवाहा, प्रहलाद, चंद्रशेखर, गोपी, दौलत जाटव, देवीदीन कुशवाहा, गंगाप्रसाद आदि मौजूद रहे।

### फायर स्टेशन को मिली 25 हजार लीटर क्षमता वाली गाड़ी

उरई/जलौन, (यूएनएस)। शासन से फायर स्टेशन के लिए एक और गाड़ी उपलब्ध कराई गई है। इससे मुख्यालय में अब आगजनी की होने वाली घटनाओं को रोकने में मदद मिलेगी। एसपी डॉ. यशवीर सिंह ने पुलिस लाइन स्थित फायर स्टेशन पहुंचकर गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर शहर में भ्रमण करने के लिए रवाना किया। मुख्यालय स्थित फायर स्टेशन में शहर की आबादी के हिसाब से कम संसाधन थे। इस कारण आगजनी की बड़ी घटनाओं को रोकने के लिए कर्मियों को खासी मशक्कत करनी पड़ती थी। इसी को देखते हुए एसपी डॉ. यशवीर सिंह ने शासन से संसाधन बढ़ाने के लिए लिखा था। शासन ने मुख्यालय को 2500 लीटर क्षमता वाली एक नई दमकल गाड़ी और एक बोलेरो भेजी है। एसपी ने फायर स्टेशन पहुंचकर नई गाड़ी का पूजन विधि–विधान के साथ किया। फूल मालाओं से सुसज्जित गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर भ्रमण के लिए रवाना किया।

# मानसिक परेशानी से जूझ रही है चार बार की ग्रैंडस्लैम चौम्पियन ओसाका



पेरिस। दुनिया की दूसरी रैंकिंग की महिला टेनिस खिलाड़ी नाओमी ओसाका ने फ्रेंच ओपन से नाम वापस लेते हुए कहा कि उन्हें मीडिया से बात करने से पहले 'तनाव का सामना' करना पड़ता है जिसकी वजह से उन्होंने 'लंबे समय तक अवसाद' का सामना किया है।

जापान की 23 साल की इस खिलाड़ी ने फ्रेंच ओपन शुरू होने से पहले कहा था कि वह मैच के बाद होने वाले संवाददाता सम्मेलन में नहीं जाएंगी। उन्हें चारों ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंटों से अतिरिक्त सजा भुगतने के लिए तैयार रहने को कहा गया था जिसमें निलंबन और अयोग्य करार देने का जिक्र था। फ्रेंच ओपन टूर्नामेंट के पहले दौर के मुकाबले को जीतने के बाद उन्होंने ऐसा ही किया। उनकी इस हरकत पर 15,000 डॉलर का जुर्माना लगते हुए भविष्य में ऐसा करने पर कड़ी सजा भुगतने की चेतावनी दी थी। उन्होंने बताया कि वह ऐसा इसलिए कर रही हैं क्योंकि हार के बाद सवालों का जवाब देने समय उन्हें मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ता है और इससे खुद की काबिलियत पर शक होने लगता है। ओसाका ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि वह कि वह 2018 में हुए यूएस ओपन से ही मानसिक तनाव से लड़ रही हैं। उन्होंने कहा, ''मैं कभी भी मानसिक स्वास्थ्य को हल्के में नहीं लूंगी।'' उन्होंने कहा, ''टूर्नामेंट, दूसरे खिलाड़ियों और मेरी भलाई इसी में है कि मैं इस से हट जाऊं. ताकि एक बार फिर से सभी लोग पेरिस में चल रहे टेनिस पर ध्यान दे सकें।'' उन्होंने कहा, '' मैं कभी भी रूकावट नहीं बनना चाहती थी और मानती हूं कि ऐसा करने का यह सही समय नहीं था। मेरा संदेश और भी स्पष्ट हो सकता था।'' टूर्नामेंट से उनके हटने के बाद फ्रेंच टेनिस संघ के अध्यक्ष जाइल्स मोरेट्टोने कहा, '' सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण हमें नाओमी ओसाका के लिए खेद और दुख है। नाओमी का रोलां गैरो से हटना निराशाजनक होगा।

## 16 महीने बाद वापसी करते ही चौंपियन बने रोजर फेडरर, डेनिस इस्तोमिन को हराया

*दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी रोजर फेडरर ने ग्रैंडस्लैम में वापसी करते हुए जीत दर्ज की।इस बीच कई बार की ग्रैंडस्लैम चौंपियन नाओमी ओसाका ने टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया।*



पेरिस। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी रोजर फेडरर ने ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में 16 महीने बाद वापसी करते हुए फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के पहले दौर में जीत दर्ज की। फेडरर ने सर्व, फोरहैंड, बैकहैंड, वॉली और ड्रॉप शॉट के शानदार मिश्रण की बदौलत क्वालीफायर डेनिस इस्तोमिन को6–2, 6–4, 6–3 से हराया। इस बीच कई बार की ग्रैंडस्लैम चौंपियन नाओमी ओसाका ने टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया। चार बार की मेजर चौंपियन ओसाका ने ट्विटर पर कहा कि वह 2018 में अमेरिकी ओपन का खिताब जीतने के बाद से अवसाद से जूझ रही हैं। ओसाका ने इससे पहले कहा था कि वह रोलां गैरो पर मीडिया से बात नहीं करेंगी और रविवार को पहले दौर में जीत दर्ज करने के बाद प्रेस कांफ्रेंस में हिस्सा नहीं लेने के लिए उन पर 15 हजार डॉलर का जुर्माना लगाया गया था। सेरेना विलियम्स ने फ्रेंच ओपन के इतिहास के पहले पूर्व निर्धारित रात्रि सत्र में जीत दर्ज की। दुनिया की इस पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ने दो सेट प्वाइंट बचाने के बाद इरिना केमेलिया बेगु को दूधिया रोशनी में हुए पहले दौर के मुकाबले में 7–6, 6–2 से हराया। फेडरर शुरुआत से ही लय में दिखे और उन्हें दायें घुटने ने परेशान भी नहीं किया जिसका पिछले साल उन्हें दो बार आपरेशन कराना पड़ा।

फेडरर ने 20 सहज गलतियां की जबकि 48 विनर लगाए। इस्तोमिन के खिलाफ फेडरर की आठ मुकाबलों में यह आठवीं जीत है। इस्तोमिन ने मैच के बाद कहा, ''इस दिग्गज खिलाड़ी के खिलाफ कोर्ट पर उतरना हमेशा शानदार होता है। उसके खिलाफ खेलना हमेशा बड़ी बात होती है। मैंने यही उम्मीद की थी कि सभी दर्शक उसकी हौसलाअफजाई करेंगे।''

## मौजूदा चौम्पियन स्वियातेक ने जीत से किया आगाज, सिन्नर को मिली कड़ी टक्कर

*पोलैंड की पहली ग्रैंडस्लैम चौम्पियन स्वियातेक के खेल में राफेल नडाल के खेल की झलक दिखी। उन्होंने पहले सेट में जुवान को कोई मौका नहीं दिया। विश्व रैंकिंग में 101वें स्थान पर काबिज स्लोवेनिया की खिलाड़ी ने हालांकि दूसरे सेट में वापसी की लेकिन स्विताक ने आखिर में मैच अपने नाम कर लिया।*



पेरिस। गत फ्रेंच ओपन चौंपियन इगा स्वियातेक ने सोमवार को अपने अभियान को वही से शुरू किया जहां उन्होंने पिछले साल रोलां गैरों में खत्म किया था। उन्होंने अपने 20वें जन्मदिन का जश्न टेनिस सर्किट पर अपनी सबसे अच्छी दोस्त काजा जुवान को 6–0, 7–5 से हराकर मनाया। पोलैंड की पहली ग्रैंडस्लैम चौम्पियन स्वियातेक के खेल में राफेल नडाल के खेल की झलक दिखी। उन्होंने पहले सेट में जुवान को कोई मौका नहीं दिया। विश्व रैंकिंग में 101वें स्थान पर काबिज स्लोवेनिया की खिलाड़ी ने हालांकि दूसरे सेट में वापसी की लेकिन स्विताक ने आखिर में मैच अपने नाम कर लिया। पुरुषों के पहले दौर में इटली के उभरते हुए खिलाड़ी जैनिक सिन्नर को फ्रांस के पियरे ह्युजेस हार्बर्ट से कड़ी चुनौती मिली। सिन्नर ने हालांकि पांच सेट तक चले मुकाबले को 6–1, 4–6, 6–7, 7–5, 6–4 से अपने नाम किया। दानिल मेदवेदेव ने अपने पांचवें प्रयास में फ्रेंच ओपन में जीत दर्ज कर यह साबित किया कि इंतजार का फल मीठा होता है। पेरिस में पहले दौर की चार हार के बाद रूस के दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने अलेक्जेंडर बुब्लिक को 6–3, 6–3, 7–5 से हराया।

## सेंसेक्स 500 अंक उछला, निफ्टी नए शिखर पर, रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में 3 फीसदी की तेजी

मुंबई। बीएसई सेंसेक्स सोमवार को करीब 515 अंक उछलकर 51,937.44 अंक पर पहुंच गया जबकि एनएसई निफ्टी रेकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुआ। वैश्विक स्तर पर मिले–जुले रुख के बीच रिलांयस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक में तेजी से शेयर बाजार में मजबूती आई। कारोबारियों के अनुसार कोविड–19 मामलों में दैनिक आधार पर लगातार गिरावट से भी निवेशकों की धारणा मजबूत हुई है। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 514.56 अंक यानी एक प्रतिशत उछलकर 51,937.44 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 147.15 अंक यानी 0.95 प्रतिशत की मजबूती के साथ 15,582.80 अंक के रेकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में सर्वाधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। कंपनी का शेयर 3 प्रतिशत से अधिक मजबूत हुआ। इसके अलावा, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय एयरटेल, डॉ. रेड्डीज, मारुति और आईटीसी में भी अच्छी तेजी रही।

## रुपये की तेजी का सिलसिला टूटा, डालर के मुकाबले 17 पैसे गिरावट

मुंबई। विदेशी बाजारों में डॉलर के मजबूत होने से रुपये में तीन सत्रों से जारी तेजी पर रोक लग गया और विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर 17 पैसे गिरकर 72.62 (अनंतिम) प्रति डालर पर बंद हुई। अन्तरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में कारोबार की शुरुआत में रुपया 72.38 पर खुला तथा कारोबार के दौरान इसमें 72.34–72.65 के बीच घट बढ़ देखी गई। कारोबार के अंत में रुपये की विनिमय दर पिछले बंद भाव से 17 पैसे कमजोर होकर 72.62 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के समक्ष डॉलर की तुलनात्मक स्थिति दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.04 प्रतिशत बढ़कर 90.07 हो गया।

## पेट्रोल–डीजल के दाम में लगी आग, मुम्बई में पेट्रोल 100.47 रुपये लीटर

नयी दिल्ली । पेट्रोल–डीजल के दाम में सोमवार को एक बार फिर बढ़ोतरी की गई। मई में 16 दिन इनके दाम बढ़ाये गये जिससे दिल्ली में पेट्रोल 3.87 रुपये तथा डीजल 4.42 रुपये महंगा हुआ। अग्रणी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली समेत देश के चार महानगरों में आज पेट्रोल की कीमत 29 पैसे तक और डीजल की 28 पैसे तक बढ़े। राष्ट्रीय राजधानी में पेट्रोल 29 पैसे महंगा होकर 94.23 रुपये और डीजल 28 पैसे महंगा होकर 85.15 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया। पिछले कई दिनों से हर बढ़ोतरी के साथ इनके दाम नये रिकॉर्ड बना रहे हैं। मुंबई में पेट्रोल और डीजल 28–28 पैसे महंगे हुये। एक लीटर पेट्रोल 100.47 रुपये का और एक लीटर डीजल 92.45 रुपये का हो गया। चेन्नई में इनके दाम 25–25 पैसे बढ़े और पेट्रोल 95.76 रुपये तथा डीजल 89.90 रुपये प्रति लीटर बिका। कोलकाता में पेट्रोल 28 पैसे महंगा होकर 94.25 रुपये और डीजल 26 पैसे महंगा होकर 88 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया। पेट्रोल–डीजल के मूल्यों की रोजाना समीक्षा होती है और उसके आधार पर हर दिन सुबह छह बजे से नयी कीमतें लागू की जाती हैं।




## सक्षिप्त



### कोविड–19 के कारण चीन से दुबई स्थानांतरित होंगे एशियाई विश्व कप क्वालीफायर

कुआलालंपुर। चीन में कोविड–19 यात्रा पाबंदियों के कारण सुझोउ में होने वाले विश्व कप क्वालीफाइंग मैचों को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में कराने को बाध्य होना पड़ रहा है। चीन फुटबॉल संघ ने सोमवार को बयान जारी करके कहा कि मालदीव और सीरिया में संक्रमण के मामले बढ़ने के कारण दोनों राष्ट्रीय टीमों को चीन पहुंचने पर कड़े पृथकवास से गुजरना होगा और वे पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अपने मुकाबले नहीं खेल पाएंगी। एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने मंगलवार को बयान में पुष्टि की कि क्वालीफाइंग मुकाबले चीन से हटाकर यूएई में कराए जाएंगे। एएफसी ने कहा, ''शीर्ष पर चल रहे सीरिया, चीन, फिलीपीन्स, मालदीव और गुआम की मौजूदगी वाले ग्रुप ए के बाकी बचे सात मैच शारजाह स्टेडियम में होंगे। यूएई में टीमों के आने के कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए प्रतिस्पर्धी टीमों से चर्चा के बाद प्रस्तावित मैचों के कार्यक्रम की पुष्टि की जाएगी।

### WTC फाइनल पर ट्रेंट बोल्ट ने कहा, इतिहास बनाने के लिए शानदार स्थिति में न्यूजीलैंड

माउंट मोनगानुई (न्यूलीलैंड)। ट्रेंट बोल्ट के लिए विश्व टेस्ट चौंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की प्रक्रिया अब भी एक पहेली की तरह है लेकिन न्यूजीलैंड के इस तेज गेंदबाज को भरोसा है कि उनकी टीम जब इसके पहले फाइनल में भारत से भिड़ेगी तब उनकी टीम इतिहास रचने में सक्षम होगी। डब्ल्यूटीसी फाइनल 18 से 22 जून तक साउथम्पटन में खेला जाएगा। बोल्ट ने बे ओवल में पत्रकारों से कहा, '' जिस तरह से टीम ने न्यूजीलैंड और दुनिया भर में प्रदर्शन किया है उससे खिलाड़ियों को उम्मीद है कि वे इतिहास बनाने में सफल होंगे। उन्होंने कहा, '' भविष्य के लिए सोच कर अच्छा लग रहा है। विश्व टेस्ट चौंपियनशिप फाइनल एक बड़ा मंच है और उम्मीद है कि मैं वहां पहुंच सकूंगा और इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट का हिस्सा बन सकूंगा।'' बोल्ट ने कहा, '' मुझे क्वालीफाइंग प्रक्रिया को समझने में थोड़ा समय लगा है। इसमें कोई नहीं जानता है कि अंक के साथ सब कुछ कैसे होता है, लेकिन उस फाइनल में पहुंचने से उत्साह बढ़ रहा है।'' डब्ल्यूटीसी फाइनल में इस्तेमाल होने वाले ड्यूक गेंद के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, '' मुझे भी इससे खेलने का बहुत अधिक अनुभव नहीं है। इंग्लैंड में कुछ टेस्ट मैच खेले हैं। यह बहुत अलग तरह से हरकत करती है।'' उन्होंने कहा, '' मैं इस बात को लेकर आश्वस्त हूं कि हमारे खिलाड़ी इसे लेकर काफी रोमांचित है। उम्मीद है कि हम आपका मनोरंजन कर पायेंगे। डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले न्यूजीलैंड को इंग्लैंड के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में भाग लेना है। न्यूजीलैंड के लिए 71 टेस्ट में 281 विकेट लेने वाले बोल्ट गुरूवार को इंग्लैंड के रवाना होंगे।

### मजबूत वैश्विक रुख से सोने में 195 रुपये की तेजी

नयी दिल्ली। वैश्विक बाजारों में कीमती धातुओं में तेजी के रुख के बाद दिल्ली सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने का भाव 195 रुपए बढ़कर 48,608 रुपए प्रति दस ग्राम हो गया। पिछले सत्र में इसका बंद भाव 48,413 रुपए प्रति दस ग्राम था। चांदी भी इस दौरान 15 रुपए की मामूली गिरावट के साथ 70,521 रुपये प्रति किलो रह गयी जो पिछले कारोबारी सत्र में 70,536 रुपये प्रति किलो पर बंद इुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) तपन पटेल ने कहा, ''कॉमेक्स (न्यूयॉर्क आधारित जिंस एक्सचेंज) में सोने की कीमतों में मजबूती के अनुरूप दिल्ली में 24 कैरेट सोने की हाजिर कीमत में 195 रुपये की तेजी आई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने का भाव 1,905 डॉलर प्रति औंस पर ऊंचा रहा जबकि चांदी का भाव 27.95 डॉलर प्रति औंस पर लगभग अपरिवर्तित रहा।

### कोविड–19 के मामलों में रिकॉर्ड वृद्धि से व्यापार जगत का विश्वास प्रभावित हुआ : फिक्की सर्वेक्षण

नयी दिल्ली। उद्योग संगठन फिक्की के एक सर्वेक्षण में एक और वित्तीय पैकेज की जरूरत पर जोर देते हुए कहा गया कि कोविड–19 की दूसरी लहर के कारण देश के उद्योग जगत का विश्वास प्रभावित हुआ है। सोमवार को जारी किए गए सर्वेक्षण में कहा गया कि व्यापार विश्वास सूचकांक नीचे गिर गया। जहां पिछले सर्वेक्षण के दौर में यह दशक के सबसे ऊंचे स्तर 74.2 पर पहुंच गया था, मौजूदा दौर में यह 51.5 है। फिक्की व्यापार विश्वास सर्वेक्षण के अनुसार पिछले सर्वेक्षण की तुलना में इस बार कॉरपोरेट भारत के आशावाद के स्तर में ष्काफी कमीष आयी है। इसमें कहा गया, षबिगड़ती मौजूदा स्थिति और साथ ही कोरोना विषाणु के संक्रमण की खतरनाक दूसरी लहर की वजह से आने वाले समय को लेकर संभावना के संबंध में कम उम्मीदों से पूरे सूचकांक मूल्य में 20 अंक से ज्यादा की कमी दर्ज की गयी। मौजूदा सर्वेक्षण में हिस्सा लेने वाले ज्यादातर व्यापारियों ने कहा कि मांग की दशाएं और कच्चे माल की बढ़ती कीमतें चिंता का विषय हैं। सर्वेक्षण के अनुसार, परिवारों की आय के बुरी तरह प्रभावित होने और संक्रमण के पहले दौर में पिछली बचत का पहले ही इस्तेमाल किए जाने के साथ इस बार ज्यादा समय तक मांग की दशाएं कमजोर बनी रह सकती हैं। इसमें कहा गया कि वित्तीय मोर्चे पर सभी कंपनियों को लगता है कि खासतौर पर मांग के मुद्दे से निपटने पर ध्यान देते हुए एक और वित्तीय पैकेज दिया जाना चाहिए। सर्वेक्षण में ग्रामीण एवं साथ ही शहरी गरीबों को आय संबंधी सीधी सहायता, मध्यम वर्ग के लिए आय कर में कटौती, और अप्रत्यक्ष करों में अस्थायी कटौती पर तत्काल ध्यान देने जैसे सुझाव भी दिए गए।

## सम्पादकीय........

### सत्ता के गलियारों की हलचलें

केंद्रीय मंत्रिपरिषद में फेर–बदल के बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोई संकेत नहीं दे रहे हैं. वे जल्दी में भी नहीं हैं. फिर भी उम्मीद में लगे नेता खुद को आगे करने या अपने आराध्यों या संपर्कों के जरिये मोदी कैबिनेट में बदलाव की कोशिश में लगे हुए हैं. कुछ लोग कुछ खास संगठनों के रसूखदारों को लुभाने में लगे हैं. कुछ अपवादों के अलावा किसी की भी प्रधानमंत्री तक सीधी पहुंच नहीं हैं, सो उन लोगों के पास इस कोरोना संकट में मोदी के लिए अपनी उपयोगिता जाहिर करने के लिए डिजिटल व सोशल मीडिया का ही विकल्प है.प्रधानमंत्री ने केवल उन्हीं जगहों को भरा है, जो किसी के देहांत या इस्तीफे से खाली हुई थीं. आधा दर्जन से अधिक मंत्रियों के पास दो–तीन से ज्यादा मंत्रालय हैं. मंत्रिपरिषद के विस्तार के बारे में अनुमान की शुरुआत शिव सेना और अकाली दल के मंत्रियों के हटने तथा रामविलास पासवान की मृत्यु के बाद हुई. अफवाहों का बाजार इसलिए भी गर्म है कि कांग्रेस और क्षेत्रीय दलों को छोड़ कर आये नेता भी जगह पाने की कोशिश में हैं. असली स्वयंसेवकों और दलबदलुओं के बीच संतुलन साधने को लेकर मोदी असमंजस में हैं.मंत्री पद के इच्छुकों ने मीडिया में अपने पक्ष में खबरें छपवाने के लिए जन–संपर्क खिलाड़ियों को नियुक्त किया है. फेसबुक, ट्वीटर और व्हाट्सएप समूहों में नाम की चर्चा के लिए सोशल इंफ्ल्यूएंस वाली नयी खेप को लगाया. कुछ प्रवक्ताओं और नेताओं के नाम भी चर्चा में हैं, लेकिन कैबिनेट में बदलाव की मुहिम के लिए किसी वर्तमान मंत्री को चिह्नित नहीं किया जा रहा है, पर पीएम मोदी का मन एक रहस्य है. हालांकि कहा जा रहा है कि ज्योतिषियों ने बताया है कि सरकार में कोई बड़ा बदलाव करने के लिए जून माह का हर दिन शुभ है. गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंक विद्या और ज्योतिष दोनों को परिभाषित करते हैं. मुख्यधारा की राजनीतिक पार्टियां ऐसा संस्थान होती हैं, जो समाप्त नहीं होतीं. जातिगत या धार्मिक नेताओं द्वारा गठित कई क्षेत्रीय समूह व्यक्तिनीत विचारधारा के प्रभाव और ऊर्जा के चुकने के बाद गायब हो गये. इसके विपरीत राष्ट्रीय पार्टियां बनी रहती हैं, क्योंकि उनके नये खून में पुराना डीएनए होता है. इसका श्रेय संबद्ध युवा संगठनों में उनकी सक्रियता को जाता है. कांग्रेस ने अचानक समझा कि उसे नये लोगों की दरकार है, क्योंकि पुराने लोग अपने प्रभाव को बचाने के लिए आपस में जूझ रहे हैं. यह पहली बार है, जब हाशिये पर जा चुकी कांग्रेस के बूढ़े नेताओं की अपेक्षा युवा कांग्रेस के नेता अधिक सक्रिय दिख रहे हैं. इसके अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास ने भटिंडा से बेंगलुरु तक कोरोना महामारी में राहत की हर पुकार को मदद देने के लिए अपने युवा ब्रिगेड को तैनात कर युवा कांग्रेस को लगभग सर्वव्यापी बना दिया है. पहली बार सुस्त कनिष्ठों ने मध्य व निम्न वर्गों का भरोसा हासिल किया है, जबकि वरिष्ठ स्वीकार्यता की तलाश कर रहे हैं, मानो नेत्रहीन भविष्य देखने के लिए दूरबीन खोज रहे हों. राहुल गांधी ने अतीत से एक विचार लिया है. उनके चाचा संजय गांधी ने जनता पार्टी सरकार को हटाने के लिए युवा कांग्रेस का इस्तेमाल किया था. कमलनाथ, गुलाम नबी आजाद, आनंद शर्मा, अंबिका सोनी, रमेश चेन्निथला, गुंडू राव, तारिक अनवर आदि संजय गांधी के गोलमेज के सदस्य थे. साल 1980 की लोकसभा में एक–तिहाई से अधिक सदस्य युवा कांग्रेस की पृष्ठभूमि से थे।

## आज का राशिफल

मेष :– आवोश में किये गये कार्य से कष्ट संभव। भावनात्मक समस्याओं पर सगे–संबंधियों के बीच खुलकर बात करें। कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। महत्वपूर्ण कायरें को कल पर न टालें।

बृषभ :– निकट संबंधों में शंकाओं को हावी न होने दें। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति होने के आसार बनेंगे। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। सगे–संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

मिथुन :– संबंधों में कटु वचनों का प्रयोग न करें। माता के स्वास्थ के प्रति सचेत रहें। अच्छे कायरे द्वारा प्रशंसा के पात्र बनेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

कर्क :– बीती बातों को भूलने की कोशि करें। रोजगार में कुछ अच्छे अवसर मिलेंगे। भौतिक इच्छाएं बलवती होंगी। अभिभावकों के भावनात्मक सहयोग से उत्साह में वृद्धि होगी। आकांक्षाओं की पूर्ति होगी।

सिंह :– नकारात्मक चिंताओं का त्याग करें। महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। वर्तमान में आपको सकारात्मक सोच के साथ सकारात्मक दिशा में प्रयास करना चाहिए।

कन्या :– किसी नये कार्य की ओर आपका रुझान बढ़ेगा। किसी महत्वपूर्ण फैसले के लिए मन केंद्रित होगा। नवीन योजनाओं द्वारा प्रगति होगी। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

तुला :– मन सुंदर कल्पनाओं से प्रभावित रहेगा। नये संबंधों के प्रति निकटता बढ़ेगी। उपस्थित साधनों में सन्तुष्ट व तृप्त होने का प्रयत्न करें। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है।

वृश्चिक :– परिश्रम का समुचित लाभ प्राप्त होगा। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। परिवार में किसी मेहमान का आगमन संभव।

धनु :– महत्वाकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरें में अत्याधिक व्यय का योग है। कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। परिवार में सुखद स्थिति प्रसन्नता लाएगी। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

मकर :– विभागीय परिवर्तनों से कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। अपने अन्दर धैर्य व वाणी में मधुरता लावें। कुछ नई अभिलाषाएं मन में जागृत होंगी। प्रियजनों का सनिध्य प्राप्त होगा।

कुंभ :– राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा। अच्छे कायरे के लिए प्रशंसनीय होंगे। शासन–सत्ता से लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा।

मीन :– आर्थिक क्षेत्र में लाभ के आसार हैं। अवरोधित कार्य हल होंगे। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी।

# स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की जरूरत

–राजेश माहेश्वरी

*अस्पतालों में बिस्तरों की कमी के साथ ही ऑक्सीजन आपूर्ति और वेंटीलेटरों की किल्लत भी देखने मिली जिस कारण बड़ी संख्या में लोग मारे गये। पिछले एक महीने का घटनाक्रम याद करते ही शरीर में सिरहन सी दौड़ जाती है। जब कोविड से बचने के लिए दवाओं, इंजेक्शन और आक्सीजन की मारामारी देशभर में मची थी। शमशान में दाह संस्कार करने के लिए परिजनों को घंटों ही नहीं अपितु कई दिनों तक इन्तजार करना पड़ा। निश्चित रूप से वह एक अप्रत्याशित और अभूतपूर्व संकट था। इस लहर में सरकारी और प्राईवेट सभी स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह हिल गई। ये बात साफ हो गई कि पिछले सत्तर सालों में स्वास्थ्य के क्षेत्र में जो कुछ होना चाहिए था, वो नहीं हुआ। सभी सरकारों ने अपनी जिम्मेदारी से मुंह चुराया।*

कोरोना की पहली लहर ने आम आदमी के जीवन और अर्थव्यवस्था पर उतना व्यापक असर नहीं डाला था, जितना दूसरी लहर ने डाला है। दूसरी लहर ने आम आदमी को हिला कर रख दिया है। स्वास्थ्य सेवाओं की सारी पोल पट्टी भी दूसरी लहर में खुलकर सामने आ गई। कोरोना की दूसरी लहर के चरम में दैनिक संक्रमितों का अधिकतम आंकड़ा 4.5 लाख से भी ऊपर चला गया था। अस्पतालों में बिस्तरों की कमी के साथ ही ऑक्सीजन आपूर्ति और वेंटीलेटरों की किल्लत भी देखने मिली जिस कारण बड़ी संख्या में लोग मारे गये। पिछले एक महीने का घटनाक्रम याद करते ही शरीर में सिरहन सी दौड़ जाती है। जब कोविड से बचने के लिए दवाओं, इंजेक्शन और आक्सीजन की मारामारी देशभर में मची थी। शमशान में दाह संस्कार करने के लिए परिजनों को घंटों ही नहीं अपितु कई दिनों तक इन्तजार करना पड़ा। निश्चित रूप से वह एक अप्रत्याशित और अभूतपूर्व संकट था। इस लहर में सरकारी और प्राईवेट सभी स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह हिल गई। ये बात साफ हो गई कि पिछले सत्तर सालों में स्वास्थ्य के क्षेत्र में जो कुछ होना चाहिए था, वो नहीं हुआ। सभी सरकारों ने अपनी जिम्मेदारी से मुंह चुराया। मोदी सरकार ने पिछले सात साल के कार्यकाल में स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई सुधारात्मक कदम उठाये हैं लेकिन विशाल आबादी के सामने वर्तमान व्यवस्थाएं काफी कम और कमजोर हैं। वर्ष 2020 में कोविड का प्रभाव झेलने के बाद इस वर्ष के बजट में मोदी सरकार ने स्वास्थ्य के बजट को बढ़ाया था। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट 2021–22 पेश करते हुए कहा था कि देश के स्वास्थ्य क्षेत्र में कोविड–19 वैश्विक महामारी का गहरा प्रभाव साफ तौर पर दिखाई दिया। कोविड–19 के खिलाफ देश की लड़ाई और केन्द्र सरकार द्वारा समय पर उचित कदम उठाने के नारे के साथ अपना बजट भाषण शुरू करते हुए वित्त मंत्री ने जोर देकर कहा कि आत्मनिर्भर भारत के 6 प्रमुख स्तंभों में स्वास्थ्य और देखभाल प्रमुख स्तंभ है। अन्य क्षेत्रों के साथ स्वस्थ भारत राष्ट्र प्रथम के संकल्प को और मजबूत करेगा। स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र का देश में महत्वपूर्ण स्थान है। इस



क्षेत्र के लिए पिछले वर्ष के 94,452 करोड़ रुपये की अपेक्षा 2021–22 के बजट अनुमान में 2,23,846 करोड़ रुपये की वृद्धि की गई है। इस क्षेत्र में 137 प्रतिशत की यह वृद्धि है। इस वित्त वर्ष के बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण 3 क्षेत्रों में विशेष ध्यान दिया गया है: रोकथाम, उपचार और देखभाल। नेशनल हेल्थप्रोफाइल–2019 द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार भारत अपने सकल घरेलू उत्पाद (2017–18) का केवल 1.28: स्वास्थ्य पर सार्वजनिक रूप से खर्च करता है. प्रति व्यक्ति के हिसाब से स्वास्थ सेवाओं पर मात्र 1,657 रुपये खर्च करता है। एनएचपी में उपलब्ध तुलनात्मक आंकड़ों के अनुसार दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्र के 10 देशों में से भारत केवल बांग्लादेश से ऊपर है। भारत के पड़ोसी देश, जैसे श्रीलंका, इंडोनेशिया, नेपाल और म्यांमार स्वास्थ्य सेवाओं पर भारत की तुलना में कहीं अधिक खर्च कर रहे हैं। ओईसीडी देशों और विकसित राष्ट्रों जैसे अमेरिका, जर्मनी, फ्रांस या जापान से भारत की तो तुलना ही नहीं की जा सकती। डब्ल्यूएचओ द्वारा अनुशंसित प्रत्येक 1,000 लोगों के लिए एक डॉक्टर के विपरीत भारत में 11,500 से अधिक लोगों के लिए केवल एक सरकारी डॉक्टर है। निजी क्षेत्र में अधिक बेड और अधिक डॉक्टर (कर्मचारी) हो सकते हैं परंतु सार्वजनिक स्वास्थ्य के प्रति उनका कोई उत्तरदायित्व नहीं है और भारत की ज्यादातर आबादी इन स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने के लिए भी आर्थिक रूप से सक्षम नहीं है। इसके अतिरिक्त, स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं के संबंध में ग्रामीण–शहरी विभाजन बहुत महत्वपूर्ण है। उदाहरण के लिए– 73 फीसदी 'पब्लिक हॉस्पिटल बेड्स' शहरी क्षेत्रों में विद्यमान हैं, जबकि भारत की 69 फीसदी जनसंख्या ग्रामीण इलाकों में निवास करती है। इस बात में कोई दो राय नहीं है कि सरकार के सारे साधन–संसाधन झोंकने के बाद भी 138 करोड़ की आबादी के हिसाब से हमारे देश में चिकित्सा प्रबंध बहुत ही नगण्य हैं। देश के बहुत बड़े हिस्से में चिकित्सा नाम की कोई व्यवस्था ही नहीं है। गत दिवस प्रधानमन्त्री ने मन की बात में ये जानकारी दी कि कोरोना की दूसरी लहर में ऑक्सीजन की कमी देखते हुए अस्पतालों में प्रयुक्त होने वाली ऑक्सीजन का उत्पादन दस गुना बढ़ा। निश्चित रूप से ये संतोष का विषय है। कोरोना देखभाल केन्द्रों की शक्ल में साधारण संक्रमण वाले मरीजों के इलाज की भी काफी व्यवस्था सरकार और निजी सेवाभावी संस्थाओं द्वारा की गई है। लेकिन ये सब होते–होते कोरोना की दूसरी लहर ढलान पर आ गई और 1 जून से देश के बड़े हिस्से में तालाबंदी वापिस लेकर व्यापारिक संस्थान और कार्यालय कतिपय बंदिशों के साथ खुलने जा रहे हैं। उद्देश्य व्यापार और उद्योग को गति देकर अर्थव्यवस्था को संबल देना है। कोविड की दूसरी लहर जब उफान पर थी तब देशभर में मरीजों की संख्या में भारी इजाफा हुआ। लेकिन देश में डॉक्टरों की संख्या सीमित ही है, ऐसी स्थिति में टेलीमेडिसिन ही एक कारगर उपाय बन कर सामने आई। जिसे ग्रामीण स्तर तक ले जाने की जरूरत है। पिछले दिनों ही भारत सरकार की राष्ट्रीय टेलीमेडिसिन सेवा ई–संजीवनी ने 30 लाख से अधिक परामर्श उपलब्ध कराकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। मौजूदा समय में, राष्ट्रीय टेलीमेडिसिन सेवा 31 राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों में संचालित है और प्रतिदिन देश के 35 हजार से भी अधिक मरीज स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त करने के लिए इस नवाचारी डिजिटल माध्यम का उपयोग कर रहे हैं। इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर 31 हजार से अधिक डॉक्टरों और पैरामेडिक्स को प्रशिक्षित करके ई–संजीवनी में शामिल किया गया है। ई–संजीवनी को शीघ्र और व्यापक तौर पर अपनाना यह दर्शाता है कि कोरोना काल में रोगियों को दूर से ही प्रभावी ढंग से नैदानिक प्रबंध किया जा सकता है। जिन रोगियों को अत्यावश्यक चिकित्सा की जरूरत नहीं है, वे अधिक से अधिक टेलीमेडिसिन का उपयोग कर रहे हैं और चिकित्सा की गुणवत्ता से समझौता किए बगैर ही कोरोना से संक्रमित होने के जोखिम से भी अपना बचाव कर पा रहे हैं। पिछले लॉकडाउन के दौरान विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी अधिक से अधिक टेलीमेडिसिन मॉडल को अपनाने की ही सलाह दी थी। कोरोना वायरस लंबे समय तक बना रहेगा। ऐसे में टेलीमेडिसिन कारगर साबित होगी। चिकित्सा जगत इस बात को लेकर आशंकित है कि कोरोना अथवा इस जैसी दूसरी संक्रामक बीमारी का हमला भविष्य में हो सकता है। ब्रिटेन और वियतनाम से जो खबरें आ रही हैं उनके अनुसार कोरोना से मिलता–जुलता नया संक्रमण देखने मिला है। छोटे देशों में जनसंख्या कम होने से अस्पताल, चिकित्सक और दवाओं की जरूरत भी कम होती है लेकिन भारत जैसे विशाल आबादी वाले देश की जरूरत तो अमेरिका और यूरोप के अनेक बड़े देशों को मिलाकर भी ज्यादा है। ऐसे में केंद्र और राज्य सरकारों को चाहिए कि वे कोरोना की दोनों लहरों से मिले सबक को भुलाने की बजाय चिकित्सा तंत्र को इतना मजबूत करें जिससे किसी को अस्पताल में बिस्तर और ऑक्सीजन के लिए भटकना न पड़े। इसके अलावा देश में दवा उत्पादन के क्षेत्र में भी बड़े सुधार की जरूरत है। विकसित और समृद्ध राष्ट्र बनने के लिए आर्थिक विकास के साथ–साथ सार्वजनिक स्वास्थ्य को उच्च प्राथमिकता देना आवश्यक है। भारत को भी विकसित और समृद्ध राष्ट्र बनने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ सेवाओं पर न केवल सकल घरेलू उत्पाद का बड़ा हिस्सा खर्च करने की आवश्यकता है बल्कि दूरगामी नीति निर्धारण करने और उनका पारदर्शिता के साथ उत्तरदायित्वपूर्ण क्रियान्वयन कर उनके सकारात्मक परिणाम सुनिश्चित करना भी आवश्यक है। –लेखक राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।

# प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित करने की जरूरत

**आलोक शुक्ला**

भारत विविधताओं का देश है। यहां प्रकृति ने अपने दोनों हाथों से उसे वह सब कुछ दिया है जो विश्व के कई देशों को नहीं मिला है। नदी, पहाड़, जंगल, पशु–पक्षी और न जाने क्या– क्या! प्रकृति की उदारता का अपमान भी भारत में जितना हो रहा है वह अपने आप में चिंता का विषय है। देश में प्राकृतिक संसाधनों की लूट रोकने के जो प्रयास किए जाने चाहिए वे इतने आधे–अधूरे मन से किए जा रहे हैं कि उनसे प्रकृति के संरक्षण में कोई मदद नहीं मिल रही है। उल्टे, उनसे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से संसाधनों की लूट करने वालों को ही संरक्षण मिल रहा है। वन, जल और मिट्टी के बिना किसी देश के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती पर देश में वनों की अंधाधुंध कटाई के कारण वर्षा का चक्र बिगड़ चुका है। हमारे छत्तीसगढ़ में अभी भी वनों की अवैध कटाई जारी है जिसके कारण वर्षा का औसत लगातार गिरता जा रहा है। नदियों से रेत उत्खनन भी चिंता का विषय है। पूरे देश में अवैध तरीके से रेत उत्खनन करने वाले माफिया गिरोह की हिम्मत इतनी बढ़ी हुई है कि कई बार तो इन लोगों के द्वारा रेत उत्खनन करने से रोकने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को ट्रकों से कुचलने और जिंदा जला देने की वारदातें भी हुई हैं। बड़े पैमाने पर रेत उत्खनन के दुष्परिणाम भी सामने आ रहे हैं। छत्तीसगढ़ में कई जगहों पर छोटे–छोटे नदी–नाले हैं और इनके किनारे भी खेती की जाती है परन्तु रेत माफियाओं ने जल संरक्षण के काम को तहस–नहस कर डाला है। गांव–गांव में ग्रामीणों के विरोध के बावजूद रेत माफिया जेसीबी, पोकलैंड और मोटर बोट का सहारा लेकर रेत का अंधाधुंध उत्खनन कर रहे हैं जिससे नदी–नालों के किनारे अब जानलेवा हो चुके हैं। इन पर बने छोटे–छोटे पुलों के कभी भी गिरने का खतरा मंडरा रहा है। छत्तीसगढ़ के दो जिलों–सूरजपुर और बलरामपुर– रामानुजगंज जिलों से लगकर उत्तर प्रदेश की सीमा है और वहां रेत की कीमत छत्तीसगढ़ की अपेक्षा 4 से 5 गुनी ज्यादा है। अधिक धन कमाने के लालच में रेत तस्कर किसी की भी चिंता किए बगैर अवैध उत्खनन में लिप्त हैं। रेत की कीमत की यह असमानता छत्तीसगढ़ की नदियों व नालों के लिए बहुत बड़ी मुसीबत साबित हो रही है। उत्पाद के मूल्यों में इतना अंतर क्यों? इस प्रश्न का उत्तर राज्य समेत केंद्र को भी तलाशना होगा क्योंकि असमानताएं ही हर जगह अपराध की जननी होती हैं। प्रकृति को बचाने के लिए हमें ऐसा रोल मॉडल हर जगह लागू करना चाहिए जिससे व्यापक रूप से हमारी प्राकृतिक धरोहरें भी सुरक्षित रहें और विकास कार्य भी जारी रहें। नदियों के पानी व रेत के समीकरण को बिगाड़ने की कोशिशों को, इस प्रवृत्ति को रोकने की दिली कोशिश करनी बहुत जरूरी है। प्रकृति ने हमें बहुत कुछ दिया है। ऐसे फल, ऐसी सब्जियां, ऐसे खाद्यान्न दिए हैं जो हमारी इम्युनिटी को बढ़ाने के लिए बहुत फायदेमंद हैं। फिर भी हम प्रकृति के विपरीत जाने को ही प्रगति मान बैठे हैं। अपने स्वार्थ के लिए हम खुद प्रकृति से दूर होते चले गए जबकि हम चाहते तो अपने पूर्वजों की पारंपरिक खेती और उन्नत कृषि की तकनीक को संयुक्त रूप से अपनाकर स्वस्थ बने रह सकते थे। इसका हमें आर्थिक लाभ भी होता। हमें बस थोड़ा संयमित बर्ताव करना था। प्रचुर मात्रा में विटामिन, प्रोटीन देने वाली साग–सब्जियों और अन्न की पुरानी किस्मों को कम से कम संरक्षित और संग्रहित करने का प्रयास करना था। इस दिशा में सबसे सराहनीय प्रयास किए हैं सिक्किम ने जहां रासायनिक उर्वरकों व कीटनाशकों के प्रयोग की सख्त मनाही है। वहां सिर्फ जैविक खेती ही की जाती है। यहां के फल व सब्जियों का स्वाद और इनके पोषक तत्व वाकई अन्य राज्यों में उत्पन्न फलों व सब्जियों की तुलना में काफी गुणवत्ता वाले हैं। इसी तरह, उत्तराखंड में भी खाद्यान्न उत्पादन के लिए जैविक खाद का प्रयोग किया जाता है। वहां के किसानों ने जैविक खाद का उपयोग आज या अभी से शुरू नहीं किया है। काफी पहले से ही वे इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। इसलिए वहां के लोग मैदानी क्षेत्रों की अपेक्षाकृत फिट और तंदुरुस्त रहते हैं। सत्तर के दशक में हमारे देश ने खाद्यान्न उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर होने का संकल्प लिया और भारतीय किसानों ने परंपरागत खेती से आगे बढ़ने की सोची। इस मानसिकता के चलते रासायनिक खादों का प्रयोग शुरू हुआ। खाद्यान्न उत्पादन में तो तेजी से वृद्धि हुई पर आगे बढ़ने की होड़ और कम समय में अधिक मुनाफे की वृत्ति के कारण रासायनिक खादों और कीटनाशकों के बेतहाशा प्रयोग के दुष्परिणाम सामने आए। नतीजा यह हुआ कि जमीन की प्राकृतिक उर्वरता तेजी से नष्ट हो गई। पंजाब जैसे राज्य में बड़े से लेकर छोटे–छोटे किसानों ने रासायनिक उर्वरकों का अंधाधुंध उपयोग कर फसल उत्पादन में तेजी से उछाल लाकर अन्य राज्यों के किसानों को बताया कि खेती में भी जमकर मुनाफा कमाया जा सकता है लेकिन बाद में पता चला कि पंजाब व दिल्ली के आसपास के क्षेत्र में हरित क्रांति के नाम पर खेतों में रासायनिक उर्वरकों व कीटनाशकों का बेहिसाब उपयोग हुआ है। कई वर्षों बाद यह नतीजा सामने आया कि यहां की जमीन की उर्वरता ही कम नहीं होने लगी बल्कि केमिकल खेती के कारण अनाज और मवेशियों के दूध में विषैले रसायन मिलने लगे हैं। इसके कारण इन राज्यों में कैंसर की तेजी से बढ़ोतरी हुई। आलम यह है कि पंजाब से एक ट्रेन जो देश की राजधानी के लिए चलती है उसे लोग श्कैंसर एक्सप्रेसश के नाम से पुकारने लगे क्योंकि इसमें ज्यादातर लोग कैंसर का ईलाज कराने दिल्ली जाते हैं। धीरे–धीरे यह बात आम हो गई और लोग पंजाब के गेहूं से भी परहेज करने लगे। हमारे अपने छत्तीसगढ़ में रासायनिक उर्वरकों का बेतहाशा इस्तेमाल हो रहा है। छत्तीसगढ़ को श्धान का कटोराश कहा जाता है। यहां धान मुख्य खाद्यान्न है। यह सर्वविदित है कि छत्तीसगढ़ में धान खरीदी और इस पर बोनस देने की घोषणा से ही सत्ता परिवर्तन तक हो जाता है। रासायनिक खादों के उपयोग और कथित उन्नत और हाइब्रिड धान की ज्यादा फसल, ज्यादा मुनाफे की सोच ने धान की परंपरागत खेती को बर्बाद कर डाला। विगत डेढ़ दशकों में हाइब्रिड के चक्कर में विष्णु भोग या विषुन भोग (स्थानीय लोग यही कहते हैं) की गुणवत्ता भी नष्ट हो चली है। विष्णु भोग धान के चावल की खुशबू इतनी होती है कि एक घर में बने तो आसपास के कई घरों तक वह फैल जाती है। दुबराज जैसे धान की खेती का क्षेत्र भी अब लगातार कम होता जा रहा है। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर–रामानुजगंज जिले के जनप्रतिनिधि व प्रगतिशील किसान दिनेश चौबे लुप्त हो रहे विष्णु भोग चावल के संरक्षण के लिए प्रयासरत हैं। वे कोदो चावल की खेती के लिए भी मुहिम चला रहे हैं। कोदो चावल में शुगर की मात्रा नाममात्र की होती है। सुपाच्य होने के कारण डायबिटीज के रोगी भी इसे आसानी से खा सकते हैं। वे कहते हैं कि एक एकड़ में यदि विष्णु भोग या जीराफूल जैसी अच्छी क्वालिटी का धान लगाते हैं तो मुश्किल से 12–13 क्विंटल उपज होती हैं। वहीं एक एकड़ में हाइब्रिड धान 27 क्विंटल तक हो जाता है। इसलिए किसान हाइब्रिड धान लगा रहे हैं और स्वादिष्ट, खुशबूदार, स्वास्थ्य के लिए लाभदायक चावल की किस्मों को हम लगातार खो रहे हैं। यह भी महत्वपूर्ण तथ्य है कि वर्तमान में उत्तरी छत्तीसगढ़ के कुछ जिलों में ही विष्णु भोग, विसनी, जीराफूल जैसे सुगंधित चावल होते हैं क्योंकि यहां की मिट्टी पानी सोखने वाली होती है यानि बालुई। यह इस किस्म के धान के लिए उपयुक्त होती है। दूसरी तरफ, इन जिलों की सीमाओं से लगकर मध्यप्रदेश, झारखंड और उत्तर प्रदेश राज्य हैं, लेकिन वहां काली मिट्टी है जो कि सोयाबीन और गेहूं के लिए अधिक उपयुक्त है। कोरोना काल में इम्युनिटी शब्द का महत्व जनमानस में रच–बस गया पर प्रकृति हमें कितनी चीजें एकदम मुफ्त में दे रही है, हम उसे नहीं समझ पा रहे हैं। अधिकतम उत्पादन के चक्कर में हम पूरी प्रकृति के साथ ही छेड़छाड़ कर रहे हैं जो अब हमारे लिए अभिशाप ही साबित हो रहा है। स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि प्रकृति को देना सीखो नहीं तो आने वाले समय में वह तुमसे चार गुना वसूलेगी।

# आप बस चाहते हैं कि लोग आपको देखना पसंद करें: इलियाना डिक्रूज



अभिनेत्री इलियाना डिक्रूज का साउथ में काफी अच्छा प्रदर्शन रहा है और वह अपने हिस्से की बॉलीवुड फिल्में भी करती रही हैं। वह कहती हैं कि सब कुछ लोगों पर निर्भर करता है और एक कलाकार के रूप में, हर कोई चाहता है कि दर्शक आपको देखना पसंद करें। वह बताती हैं कि लोकप्रियता एक ऐसी चीज है जो इस तथ्य को संतुलित करती है कि फिल्म उद्योग वास्तव में जीवित रहने के लिए एक बहुत ही क्रूर जगह हो सकती है। उन्होंने कहा, बेशक, यह (फिल्म उद्योग) क्रूर है, लेकिन यह लोगों पर निर्भर करता है। अगर वे (लोग) आपको पसंद करते हैं तो आपको बस यही चाहिए। आप चाहते हैं कि लोग आपको देखना पसंद करें। इलियाना को लगता है कि जिस पल किसी अभिनेता की सराहना नहीं की जाती है तो वे अपनी छाप खो देते हैं। वह कहती हैं, यह मूल रूप से मेरे लिए समान है। मैं एक ऐसे अभिनेता की फिल्म नहीं देखना पसंद करूंगी, जिसे मैं देखना पसंद नहीं करती। जिस मिनट आपको पसंद नहीं किया जाता है, आप अपनी छाप खो देते हैं। उद्योग एक मायने में क्रूर है, लेकिन इसमें बहुत सारे फायदे भी हैं। वह बताती है, आपके पास केवल सभी अच्छी चीजें नहीं हो सकती हैं, कभी थोड़ा धोखा भी हो सकता है। मुझे लगता है कि यह चीजों को दिलचस्प बनाता है। यह आपको कड़ी मेहनत को लिए प्रेरित करता है। यह आपको बेहतर बनाने की कोशिश करता है। इलियाना अगली बार अनफेयर एन लवली में दिखाई देंगी, जो गोरी त्वचा के प्रति भारत के जुनून पर एक कॉमिक टेक है। यह फिल्म हरियाणा की पृष्ठभूमि पर आधारित है और इसमें उनके साथ रणदीप हुड्डा भी होंगे।

## जन्नत जुबैर को एक साधारण युवक से है प्यार



प्रतिभा बहुत बड़ी चीज है, जिसके बल पर लोग जमीन से आसमान तक पहुंचते हैं। यह प्रतिभा किसी भी उम्र के व्यक्ति के अंदर हो सकती है चाहे वह युवक हो या युवती। जिस लड़के के बारे में हम यहाँ बात करने जा रहे हैं वह एक छोटी स्क्रीन के साथ–साथ एक टिक–स्टार भी है। हम बात कर रहे हैं अभिनेत्री जन्नत जुबैर रहमानी की, जिन्होंने छोटे पर्दे के साथ–साथ कई टीवी सीरियलों में भी काम किया है और 18 साल की उम्र में वह करोड़ों की मालकिन हैं। तो आइए इसके बारे में अधिक विस्तार से जानते हैं। जन्नत जुबैर रहमानी, जिनका जन्म 2 अगस्त 2002 को मुंबई में हुआ था, उन्हें टीवी सीरियल तू आशिकी से अपनी असली पहचान मिली और अब सोशल मीडिया पर बहुत लोकप्रिय है। जुबेर अपने छोटे भाई के साथ एक टिकटोक वीडियो बनाता है और लोग इसे पसंद करते थे। उसकी खूबसूरती देखकर आप भी उसके दीवाने हो जाएंगे। लेकिन उन्होंने टिक्टॉक फेम फैसल शेख को अपना दिल दे दिया है। सूत्रों के अनुसार, जन्नत फैसल शेख को डेट कर रही है और फजल एक सामान्य युवक है, जो टिकटोक में प्रसिद्ध है और उसकी लोकप्रियता बहुत अधिक थी। दोनों को एक साथ एक वीडियो एल्बम में भी देखा गया है। आपको बता दें कि जन्नत और फैसल को कई बार डिनर डेट पर स्पॉट किया गया था और आजकल फैसल जन्नत के घर पर ही रहते हैं। जन्नत जुबैर रहमानी का परिवार भी उन्हें बहुत पसंद करता है। फैसल और जन्नत दोनों सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं और अपनी खूबसूरत तस्वीरों को साझा करते रहते हैं। उनकी तस्वीरों पर लाखों लाइक्स हैं। बता दें कि उनकी संपत्ति लगभग 10 करोड़ है और उनके माता–पिता भी बहुत अमीर हैं। जन्नत ने लव का दी एंड और अगाह द वॉर्निंग में भी काम किया है।

## बॉलीवुड के बाद साउथ की अगली फिल्म में नजर आ सकती हैं कृति सेनन



अगर हम बॉलीवुड की सबसे व्यस्त अभिनेत्री की बात करें तो इस लिस्ट में सबसे पहले नाम कृति सेनन का आता है। जो आने वाले दिनों में बैक टू बैक कई फिल्मों में नजर आने वाली हैं। जिसमें उनकी फिल्म आदि पुरुष भी शामिल है। इस फिल्म में कृति सेनन के अलावा प्रभास और सैफ अली खान मुख्य किरदार में नजर आने वाले है। इसके अलावा और भी कई फिल्मों में नजर आएंगी। हालांकि कोरोना वायरस की वजह से कृति सेनन की फिलमों की शूटिंग पर इन दिनों ब्रेक लगा हुआ है। इस समय अभिनेत्री शूटिंग नहीं कर रही है लेकिन वो अपनी अगली फिल्मों और अगले प्रोजेक्ट को लेकर तैयारियां भी कर रही है। अब अभिनेत्री कृति सेनन के हाथ एक बड़ी बड़ी फिल्म लगने की खबर आई है। खबरों के अनुसार ऐसा कहा जा रहा है कि अभिनेत्री कृति सेनन को साउथ फिल्मों के एक बड़े निर्माता कंपनी ने उनको अगली फिल्म के लिए अप्रोच किया है। इस प्रोडक्शन हाउस से जुड़ी जानकारी फिलहाल सामने नहीं आई है लेकिन खबरों में ये जरूर कहा जा रहा है कि आने वाले दिनों में साउथ की एक और फिल्म में नजर आ सकती है। अगर अभिनेत्री कृति सेनन ने इस फिल्म के लिए हां करती है तो ये कहा जा सकता है कि वो काफी लंबे समय बाद तेलुगु फिल्म में नजर आने वाली है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि कृति सेनन ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत तेलुगु फिल्म से की थी। जिसमें वो अभिनेता महेश बाबू के साथ फिल्म से डेब्यू किया था। इसके अलावा वो साउथ के कई और कलाकारों के साथ काम कर चुकी हैं।

## हॉट एंड ग्लैमरस अंदाज में करिश्मा तन्ना सोशल मीडिया पर लगाई आग









टीवी एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोज से फैन्स को ट्रीट देती रहती हैं। एक बार फिर करिश्मा तन्ना ने अपने ग्लैमरस अंदाज से फैन्स के होश उड़ा दिए हैं, आइए आपको दिखाते हैं उनका ये लेटेस्ट अवतार।

# जीवन जीविका के साथ विकास भी जरूरी: योगी

लखनऊ, (यूएनएस)। यूपी के तीन और जिलों में एक्टिव केस 600 से नीचे आ जाने के कारण उन्हें भी आंशिक कोरोना कर्फ्यू में छूट दी गई है। अब चौसठ जिलों में कोरोना कर्फ्यू नहीं है। केवल 11 जिलों में आंशिक लॉक डाउन लागू रहेगा। साप्ताहिक बन्दी का आदेश पूर्ववत है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने टीम नाइन के साथ वर्चुअल मीटिंग में बताया कि कोविड–19 की रोकथाम के लिए ट्रेस, टेस्ट और ट्रीट की नीति के साथ प्रदेशवासियों के जीवन और जीविका की सुरक्षा हेतु किये जा रहे प्रयासों के संतोषप्रद परिणाम मिल रहे हैं। एग्रेसिव टेस्टिंग की नीति के बाद नए केस लगातार कम हो रहे हैं, जबकि स्वस्थ होने वालों की संख्या हर दिन बढ़ती जा रही है।बीते माह 30 अप्रैल को प्रदेश में लगभग 03 लाख 10 हजार 783 कोरोना मरीज थे, जबकि लगातार प्रयासों से आज 32,578 एक्टिव केस ही हैं। 05 सप्ताह में एक्टिव केस में 89.



**बैक्सीनेशन फ्री है, जरूर लगवाये,तीन और जिले कोरोना कर्फ्यू से मुक्त**

5 फीसदी की कमी आई है, जबकि वर्तमान में रिकवरी दर 96.9 फीसदी हो गई है। अब तक 16 लाख 69 हजार से अधिक लोग कोविड की लड़ाई जीत कर आरोग्यता प्राप्त कर चुके हैं। 24 अप्रैल को एक दिन में 38,055 नए संक्रमण के मामले मिले थे, लेकिन लगातार प्रयासों से संक्रमण की तीव्रता मंद हुई है। इनमें बीते 24 घंटों में 1,375 नए केस आये हैं जो कि 24 अप्रैल के सापेक्ष 96.2 फीसदी तक कमी आ चुकी है। बीते 24 घंटे में 5,626 लोग स्वस्थ होकर डिस्चार्ज भी हुए हैं। पॉजिटिविटी दर न्यूनतम होकर 0.4 फीसदी ही रही। विगत दिवस 600 एक्टिव केस से कम संख्या वाले 61 जनपदों को कोरोना कर्फ्यू से छूट दी गई था। इधर तीन और जनपदों क्रमशः लखीमपुर खीरी, जौनपुर और गाजीपुर में भी एक्टिव केस की संख्या 600 से कम रह गई है। ऐसे में अब इन जिलों में भी सप्ताह में पांच दिन सुबह 07 बजे से सायं 07 बजे तक कोरोना कर्फ्यू से छूट दी जाएगी। साप्ताहिक व रात्रिकालीन बन्दी सहित अन्य सभी संबंधित नियम इन जिलों में लागू होंगे। वर्तमान में 11 जिलों में कोरोना कर्फ्यू प्रभावी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना कर्फ्यू से जुड़े नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाए। रात्रिकालीन बन्दी को प्रभावी बनाने के लिए शाम 06 बजे से ही पुलिस व स्थानीय प्रशासन सक्रिय हो जाएं। पब्लिक एड्रेस सिस्टम का उपयोग करें। कहीं भी भीड़ की स्थिति न बने। एग्रेसिव टेस्टिंग की नीति के अनुरूप विगत 24 घंटों में प्रदेश में 03 लाख 23 हजार 795 टेस्ट किए गए। इस अवधि में प्रदेश के किसी भी जिले में 100 से अधिक नए केस नहीं मिले। यह स्थिति संतोषप्रद है। उत्तर प्रदेश में अब तक 04 करोड़ 97 लाख 33 हजार 141 कोविड टेस्ट हो चुके हैं। कोविड टीकाकरण की प्रक्रिया प्रदेश में सुचारु रूप से चल रही है। 45 वर्ष से अधिक और 18–44 आयु वर्ग के लोगों को कोविड सुरक्षा कवर प्रदान करने में उत्तर प्रदेश प्रथम स्थान पर है। अब तक 01 करोड़ 82 लाख 32 हजार 326 कोविड वैक्सीन एडमिनिस्टर हुए हैं। आज से प्रदेश के समस्त 75 जनपदों में 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिकों के लिए निःशुल्क कोविड टीकाकरण महाभियान प्रारम्भ हुआ है। कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए इस महाभियान को सफल बनाएं। बच्चों की सुरक्षा के उद्देश्य से अभिभावकों का कोविड टीकाकरण प्राथमिकता के साथ किया जाएगा। अभिभावक स्पेशल टीकाकरण बूथ के अधिकाधिक उपयोग के लिए लोगों को जागरूक किया जाए। वैक्सीनेशन निःशुल्क है,वैक्सीन जरूर लगवायें। कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन हो, इसके लिए ऑनलाइन पंजीयन की व्यवस्था लागू की गई है। वेटिंग एरिया और ऑब्जर्वेशन एरिया की समुचित व्यवस्था हो।लोगों को कम से कम समय तक प्रतीक्षारत रहना पड़े।ऑक्सीजन की मांग, आपूर्ति और खर्च में संतुलन बनाने के लिए कराए जा रहे ऑक्सीजन ऑडिट के अच्छे परिणाम मिले हैं। सतत नियोजित प्रयासों का ही परिणाम है कि आज अधिकांश मेडिकल कॉलेजों और रिफिलर्स के पास में 03 से 04 दिन का ऑक्सीजन बैकअप हो गया है। बीते 24 घंटों में 401 मीट्रिक टन ऑक्सीजन का वितरण किया गया है। औद्योगिक इकाइयों को ऑक्सिजन के उपयोग की अनुमति दी जा चुकी है। कोरोना महामारी के बीच जीवन और जीविका के साथ–साथ विकास परियोजनाओं को भी गतिशील रखने के लिए प्रयास किये गए हैं। पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे, बुंदेलखंड एक्सप्रेस–वे निर्माण कार्य को तेजी से चल रहा है। पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे जल्द ही जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। देश के सबसे लंबे एक्सप्रेस–वे गंगा एक्सप्रेस–वे निर्माण के लिए लगभग 60 फीसदी भूमि अधिग्रहीत की जा चुकी है। भूमि अधिग्रहण का और कार्य तेज किया जाए। जुलाई तक इसके निर्माण हेतु निविदाएं आमंत्रित करने की प्रक्रिया पूरी कर ली जाए। कोविड की तीसरी लहर से बचाव की तैयारी के क्रम में मानव संसाधन का प्रशिक्षण महत्वपूर्ण है। नोएडा और लखनऊ में आज से मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण जारी है। अब आज से डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ आदि के लिए पीडियाट्रिक केयर ट्रेनिंग भी शुरू हो रही है। यह कार्य यथाशीघ्र पूरा कर लिया जाए। सुविधानुसार भौतिक प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाए।

## चुनावी रंजिश में भाइयों को घर से बुलाकर मारी गोली एक की मौत, पुलिस छावनी में तब्दील हुआ कस्बा

अमित रेखा खजनी गोरखपुर। गोरखपुर के बेलघाट इलाके के कस्बा में सोमवार की रात चुनावी रंजिश में दो भाइयों को बदमाशों ने बुलाकर गोली मार दी। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग एकत्र हुए मगर तबतक आरोपी फरार हो गए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां एक की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं आरोपियों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। जानकारी के मुताबिक, बेलघाट कस्बा निवासी संजय बेलदार (32) और उनका छोटा भाई टिंकू का कई लोगों से चुनावी रंजिश हो गया था। बताया जा रहा है कि संजय भी बीडीसी का चुनाव लड़ रहे थे और उनके खिलाफ जो लोग चुनाव मैदान में थे वह उनसे रंजिश रखने लगे थे। पुलिस के मुताबिक, इसी रंजिश में चुनाव में विरोध कर रहे लोगों ने सोमवार की रात में संजय को घर से बुलाया। कई लोगों को देखकर छोटा भाई टिंकू भी बाहर आ गया। दोनों को बदमाशों ने बातचीत के दौरान ही गोली मार दी जिससे वह जमीन पर गिरकर तड़पने लगे। गोली की आवाज पर आए लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां देर रात इलाज के दौरान संजय की मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिवार के साथ गांव में भी कोहराम मच गया है। एहतियातन गांव में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। बेलघाट कस्बा छावनी में तब्दील हो गया है। वहीं संजय की गर्भवती पत्नी का रो–रो कर बुरा हाल हो गया है।

## बाइक सवार युवक को मारी गोली ,गंभीर

(चोरडीहा पेट्रोल पंप के समीप हुई घटना)

अमित रेखा देवरिया। देवरिया जिले के लार थाना क्षेत्र के चोरडीहा गांव के सामने सोमवार की देररात बाजार से घर जा रहे दो युवकों को अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने गोली मार दी जिससे मौके पर ही एक युवक गिर कर लहुलुहान हो गया इसके बाद बदमाश भाग निकले।लोगों ने युवक को सीएचसी लार पहुचाया।प्रथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।गौरतलब है की चार दिन पहले घटना स्थल से एक किलोमीटर दूर दिनदहाड़े अशल्हे की बल पर चुरियां गांव निवासी एक युवक से गले का चेन लुट लिया था पुलिस अभी तक इसका खुलासा नहीं कर सकी है।जानकारी के मुताबिक लार थाना क्षेत्र के खेमाईडे गांव के निवासी अमित कुमार सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह,गांव के हजारी पटेल के साथ सोमवार की देर रात नौ बजे के करीब घर में किसी सदस्य की तबीयत खराब होने पर पीपरा चौराहा स्थित एक मेडिकल स्टोर पर दवा लेने गए थे।दवा लेकर वह घर लोट रहें थे।अभी वह रामजानकी मार्ग पर चोरडीहा पेट्रोल पंप के सामने पहुंचे थे।तभी अज्ञात बाइक सवार दो बदमाशों ने ओवर टेक कर पीछे से गोली मार दी।गोली दाहिने हाथ और दाहिने सीने में लगी जिससे अमित कुमार सिंह घायल हो गए।वही पीछे बैठे हजारी बाल–बाल बच गये।इसके बाद बदमाश बिहार के तरफ भाग निकले।गोली चलने की आवाज सुन आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।लोगो ने युवक को प्राईवेट वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लार पहुंचाया।जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।घटना की सुचना पर पहुंची पुलिस अज्ञात बदमाशों की तलाश में जुटी हुई है।घटना स्थल से एक किलोमीटर दूर खेमाईडे मोड़ के समीप अज्ञात बदमाशों ने अशल्हे के बल पर दिन दहाड़े चुरिया गांव के युवक से गले की चेन लूट ली थी अज्ञात बदमाशो ने।पुलिस अभी तक इस घटना का खुलासा नहीं कर सकी है।इस बाबत प्रभारी निरीक्षक टीजे सिंह ने बताया बदमाशों की तलाश की जा रही हैं। जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जायेगा।

## स्थानान्तरण सत्र शून्य करने की मांग संघ ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

लखनऊ, (यूएनएस)। डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ लोक निर्माण विभाग ने वैश्विक महामारी कोरोना से उत्पन्न हुई परिस्थितियों को देखते हुए इस वर्ष स्थानान्तरण सत्र को शून्य घोषित करने की मांग की है। मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ लोक निर्माण विभाग के अध्यक्ष इं. एन.डी. द्विवेदी ने यह भी कहा है कि समय काल को देखते हुए विशेष परिस्थिति या विशेष व्यक्तिगत अनुरोध पर ही स्थानान्तरण आदेश जारी किए जाएं। एन.डी. द्विवेदी ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि पिछले एक वर्ष से कोरोना संक्रमण के कारण प्रदेश ही नही अपितु पूरे देश में परिस्थितियॉं जनसामान्य के विपरीत रही है।

## उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों की तारीख आगे बढ़ाए निर्वाचन आयोग: अपर्णा यादव

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के संस्थापक और संरक्षक मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू अपर्णा यादव ने बताया कि सरकार ने बहुत अच्छे कदम उठाए हैं कोविड–19 जैसी महामारी से निपटने के लिए। राज्य सरकार को जो ठीक लगा वह उन्होंने किया। अपर्णा यादव ने कहा कि इस पूरे मामले पर अगर विपक्ष दल एक दूसरे पर आरोप–प्रत्यारोप लगाना बंद करें तो ज्यादा ठीक होगा क्योंकि ऐसी महामारी में हमें एक दूसरे के साथ रहना चाहिए ना कि एक दूसरे को गलत बताना चाहिए। अपर्णा यादव ने चुनाव आयोग और केंद्र सरकार से गुजारिश करते हुए कहा कि इस माहौल में चुनाव या फिर चुनाव की तैयारी ठीक नहीं है अगर हो सके तो इस चुनाव को आगे बढ़ा दें। क्योंकि जिस तरीके से चुनाव के बाद बंगाल में महामारी फैल गई, हो सकता है उत्तर प्रदेश में भी वही हाल ना हो जाए।




इसके लिए चुनाव आयोग चाहे तो चुनाव पर पाबंदी लगा सकता है, रही बात चुनाव प्रचार की वह तो बिल्कुल भी नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मेरी सभी से अपील है कि चुनाव प्रचार ना करें। अपर्णा यादव ने बताया कि चुनाव लड़ने का ख्याल अभी फिलहाल नहीं है लेकिन अगर चुनाव लड़ना पड़े तो मैं समाजवादी पार्टी से ही चुनाव लडूंगी। इसके लिए समाजवादी पार्टी के मुखिया मुलायम सिंह यादव जी जो निर्देश देंगे हम उसका पालन करेंगे। जब प्रभासाक्षी ने यादव परिवार के बीच चल रही कलह के बारे में पूछा तो अपर्णा यादव ने बात को टालते हुए कहा कि कलह तो लगभग हर परिवार में होती है और सही होली समारोह की बात तो उस वक्त कोरोना चल रहा था जिसकी वजह से एक दूसरे से मिल नहीं पाए, हम सब हमेशा से एक साथ ही हैं और रहेंगे। समाजवादी पार्टी को विधानसभा चुनावों में कांग्रेस या बसपा से गठबंधन कर चुनाव मैदान में उतरना चाहिए या फिर अकेले ही चुनाव लड़ना चाहिए, इस सवाल पर अपर्णा यादव ने अपना पल्ला झाड़ते हुए कहा कि किस पार्टी से गठबंधन करना है और किस पार्टी से गठबंधन नहीं करना है यह सारे फैसले नेताजी यानी मुलायम सिंह यादव लेते हैं उनका जो भी फैसला होगा पार्टी के सभी सदस्य मानेंगे। आखरी में अपर्णा यादव ने कोविड–19 महामारी से बचाव को लेकर और वैक्सीनेशन को लेकर प्रदेश की जनता से अपील करते हुए कहा कि जितना हो सके संभव कर रहे और वैक्सीन जरूर लगवाएं।

## केशव मौर्य और दिनेश शर्मा से मिले बीएल संतोष

लखनऊ, (यूएनएस)। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष के आज योगी सरकार के मंत्रियों के साथ अलग–अलग बैठक की हैं। पहले से तय समय के अनुसार, बीएल संतोष बैठक में सबसे पहले डिप्टी सीएम केशव मौर्य से मिले फिर डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने स्वामी प्रसाद मौर्य से मुलाकात कर योगी सरकार के कार्यकाल का जायजा लिया। बैठक के बाद उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य और डॉ दिनेश शर्मा और कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य बाहर निकाल आए हैं। अब आगे की बैठक मंत्रियों के साथ विचार विमर्श हुआ है। अंदरखाने से मिली जानकारी के अनुसार, यूपी भाजपा में घमासान जारी है। बैठक में हुई चर्चा के अनुसार यूपी भाजपा में काफी अंतर्विरोध है। योगी सरकार के कामकाज को लेकर यूपी भाजपा में काफी विरोध है। बीएल संतोष के साथ बंद कमरे में चल रही बैठक में दोनों उप मुख्यमंत्रियों से विस्तृत चर्चा हुई। इसके बाद स्वामी प्रसाद मौर्य से काफी देर तक वार्ता चली। हालांकि चारदीवारी के अंदर चल रही वार्ता का ब्योरा सार्वजनिक नहीं किया जा रहा है जिसके चलते कोई भी नेता कुछ बोलने को तैयार नहीं है। डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा और स्वामी प्रसाद मौर्य ने मीडिया को गोल मोल घुमाया।हालांकि केशव मौर्य ने कुछ संकेत अवश्य दिए हैं। केशव मौर्य ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में हम अगला चुनाव भी जीतेंगे और 300 से अधिक सीटें आएंगी। अब केशव के इस बयान के कई मायने निकाले जा रहे हैं। मिली सूचना के अनुसार संगठन और सरकार के बीच काफी रस्साकशी जारी है। इसी बीच भाजपा विधायकों ने भी केंद्रीय नेता बीएल संतोष से मिलने की इच्छा जाहिर की है। ज्यादातर भाजपा विधायक बीएल संतोष से मिलना चाहते हैं। शायद वह अपनी पीड़ा भी व्यक्त करना चाहते होंगे। फिलहाल विधायकों से मिलने का कोई कार्यक्रम तय नहीं किया गया है।

## नीट परीक्षा में सफलता के लिये सही तकनीकों को सीखने की जरूरत

लखनऊ, (यूएनएस)। हर साल उम्मीदवार चिकित्सा की दुनिया में प्रवेश करने के लिए एनईईटी पास करने का सपना देखते हैं। तैयारी की खराब तकनीक और वैचारिक स्पष्टता की कमी के कारण परिणाम निराशाजनक हो सकते हैं। एनईईटी सबसे चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में से एक माना जाता है। योजना दृढ़ता और कड़ी मेहनत जैसे घटक तैयारी की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए उम्मीदवारों को बेहतर परिणामों के साथ इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए विषय का ज्ञान मजबूत करने के लिए सावधानीपूर्वक योजना बनाने और सही तकनीकों को सीखने की जरूरत है। नीट प्रतिभागियों के लिये सप्ताह में तीन बार डेली प्रेक्टिस प्रॉब्लम्स और प्रेक्टिस शीट्स पर चर्चा कर रही लर्निंग ऐप बायजूस के जेईई और एनईईटी प्रमुख आशीष शर्मा बताते है कि आगामी एक अगस्त को होने जा रही इस प्रतिष्ठित प्रवेश परीक्षा के लिये में सफलता के लिए घर पर रहकर तैयारी करने वाले उम्मीदवार कुछ आसान तरीकों को अपनाकर सफल हो सकते है, इन तरीकों में प्रतिभागियों को सिलेबस और मार्किंग स्कीम को समझें, अपनी तैयारी जल्दी शुरू करें, समान अवधारणाओं को इंटरलिंक करें, समय का कुशलता से एक उचित समय प्रबंधन करें, नोट्स तैयार करें एवं नियमित अभ्यास करना शामिल है। श्री शर्मा के मुताबिक किसी भी एनईईटी उम्मीदवार के लिए सिलेबस की प्रकृति और दायरे की सटीक समझ होना महत्वपूर्ण है समय के कुशलतापूर्वक नियोजन और विभाजन के लिए हमेशा नवीनतम आधिकारिक एनईईटी पाठ्यक्रम, परीक्षा पैटर्न और वेटेज देखें। वेटेज की स्पष्ट समझ के साथ आप एक योजना तैयार कर सकते हैं और बिना किसी त्रुटि के समय आवंटित करके प्रश्नों को हल करने का प्रयास कर सकते हैं। वहीं एनईईटी की तैयारी शुरू करने का सबसे अच्छा समय दसवीं कक्षा है जिसमें प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए दो साल का समय दिया जाता है। एनईईटी के पाठ्यक्रम को ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के लिए वार्षिक भागों में विभाजित किया गया है। बोर्ड परीक्षाओं के लिए एक केंद्रित तैयारी भी स्वाभाविक रूप से एनईईटी 2021 में बेहतर प्रदर्शन का परिणाम देती है। जबकि भौतिकी, रसायन विज्ञान और यहाँ तक कि जीव विज्ञान के कुछ अध्यायों में समान विषय हैं। इसका लाभ उठाना चाहिए और अध्यायों को सह–संबंधित करना चाहिए। विषयों पर जानकारियों का संग्रह करने के लिए इसका उपयोग करें और उन्हें एक साथ सीखने के लिए क्लब करें। इसके अलावा प्रतिभागियों के लिये सारणी समय–सीमा निर्धारित करना और पाठ्यक्रम को सुव्यवस्थित करना एक अधिक व्यवस्थित नजरिया है। उन विषयों को अधिक समय दें जिनमें आपको अधिक अभ्यास की जरूरत है। अंतिम लक्ष्य को हासिल करने के लिए अनुशासन के साथ इस पद्धति का पालन करें। एनईईटी में 180 प्रश्न होते हैं और उतने ही मिनट में उन्हें हल करना होता है। मॉक पेपर का अभ्यास करने से परीक्षा में आत्मविश्वास, सटीकता और गति मिलेगी। सभी विषयों के लिए हर हफ्ते अवधारणाओं को संशोधित करने में आपकी मदद के लिए उपलब्ध पिछले नमूना पत्रों या ऑनलाइन परीक्षा की तैयारी का संदर्भ लें।

## संक्षिप्त समाचार

### पैसा लेनदेन मामले में एसटीएफ अफसर ने बर्बरता से पीटा

लखनऊ, (यूएनएस)। अमिताभ ठाकुर ने एसटीएफ लखनऊ के इंस्पेक्टर प्रमोद वर्मा द्वारा एचडीएफसी के वरुण श्रीवास्तव से गैरकानूनी ढंग से मारपीट करने की शिकायत की जाँच की मांग की है। डीजीपी यूपी तथा अन्य को भेजे अपनी शिकायत में उन्होंने कहा कि वरुण श्रीवास्तव के अनुसार उनका आरएमएल अस्पताल, गोमतीनगर के डॉ सुव्रत चंद्रा से पैसे के लेनदेन का विवाद है। इस मामले में एसटीएफ के अफसर पिछले 1 माह से उन्हें आये दिन एसटीएफ कार्यालय में बुला कर घुड़की–धमकी और मारपीट भी की है। 3 दिन पहले उन्हें शरीर के पिछले भाग पर मारापीटा गया था. श्री श्रीवास्तव इससे बहुत डरे हुए हैं तथा अपने और अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर बेहद चिंतित हैं। अमिताभ ने कहा कि यदि श्री श्रीवास्तव द्वारा लगाये गए आरोप सही हैं तो एसटीएफ के अफसरों का यह कृत्य पूरी तरह गैर–कानूनी व अधिकारों का खुला दुरुपयोग है. उन्होंने कहा कि एसटीएफ के अफसरों द्वारा इसी प्रकार से तमाम निजी मामलों में किसी एक पार्टी से शिकायत लेकर मामले में हस्तक्षेप करने की शिकायतें आती रहती हैं। अतः उन्होंने वरुण श्रीवास्तव की शिकायत की जाँच एसटीएफ से बाहर के किसी वरिष्ठ अधिकारी से कराये जाने तथा एसटीएफ द्वारा निजी मामलों में अनधिकृत हस्तक्षेप नहीं करने की मांग की है।

### कोरोनाकाल में हुये सभी अनाथ बच्चों को मिले बाल सेवा योजना का लाभ

लखनऊ, (यूएनएस)। कोरोना के चलते अनाथ हुये बच्चों की देखरेख के लिये उत्तर प्रदेश सरकार के उठाये गये कदमों की सराहना करते हुये जनविकास महासभा, उत्तर प्रदेश ने मांग की है कि सिर्फ कोरोना से ही नहीं बल्कि कोरोनाकाल के दौरान हुये सभी अनाथ बच्चों को बाल सेवा योजना का लाभ देने के साथ बेसहारा हुये सभी बुजुर्गों के स्वास्थ्य एवं उनकी देखरेख की व्यवस्था की जाये। आज यहां महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज तिवारी ने बताया कि इस संदर्भ में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ को पत्र भी भेजा रहा है। उन्होंने बताया की कोरोना विभीषका के दौरान कई लोग कोरोना से संक्रमित हो कर काल के गाल में समा गये इसके अलावा कई ऐसे लोगों ने भी जान गवाई जिनके अंदर करोना संक्रमण के पूर्ण लक्षण थे परंतु उनकी जाँच नहीं हो पाई इसके अतिरिक्त कई ऐसे लोगों ने भी जान गवाई जिन्हें अन्य बीमारियां होने पर भी कोरोना काल के चलते स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध नहीं हो पाई और उनकी जान चली गई। जनविकास महासभा के अध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि हालांकि केंद्र और राज्य सरकार हर संभव प्रयास कर रही है, परंतु इन प्रयासों का लाभ करोना काल में बेसहारा हुए हर बच्चे को मिलना चाहिए, और इसके साथ ही साथ ऐसे बुजुर्गों जिनके बच्चे ही उनका सहारा थे उनके भी देखरेख की व्यवस्था विशेषकर उनके स्वास्थ और खानपान सहित अन्य व्यवस्थाओं को भी देखे जाने की आवश्यकता है। पंकज तिवारी ने मुख्यमंत्री से यह भी मांग की बच्चों को इमानदारी पूर्वक इसका लाभ मिल सके उसके लिए मुख्यमंत्री अपने स्तर पर इसकी देखरेख स्वयं करें और इसके लिए संबंधित क्षेत्र की सामाजिक संस्थाओं, जन प्रतिनिधियों को भी जोड़ सकते हैं।

### इंसाफ के लिए भटक रही महिला दरोगा, तत्काल एफआईआर की मांग

लखनऊ, (यूएनएस)। एक्टिविस्ट डॉ नूतन ठाकुर ने एसपी हमीरपुर के स्टेनो द्वारा वहां राठ थाने में तैनात एक महिला दरोगा के साथ किये गए कृत्य के संबंध में एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। डीजीपी यूपी तथा अन्य को भेजे अपनी शिकायत में उन्होंने कहा कि महिला दरोगा ने स्टेनो द्वारा भद्दी–भद्दी गालियां देने, नाजायज संबंध बनाने हेतु दवाब बनाए, छेड़खानी व अभद्रता करने आदि के संबंध में एसपी हमीरपुर को कई दिन पहले शिकायत दी थी तथा इस संबंध में ऑडियो वार्ता भी साक्ष्य के रूप में दिया था. इसके बाद भी कार्यवाही के नाम पर मात्र एसपी के स्टेनो को निलंबित किया गया है तथा अब तक एफआईआर तक दर्ज नहीं की गयी है, जबकि महिला दरोगा लगातार इस संबंध में गुहार लगा रही है। नूतन ने इसे अत्यंत गंभीर स्थिति बताते हुए डीजीपी को मामले पर स्वयं ध्यान देते हुए तत्काल एफआईआर दर्ज करवाने तथा एसपी हमीरपुर की भूमिका की जाँच की मांग की है।

### 'लॉक डाउन में रुक गयी होटल इंडस्ट्री से जुड़े लोगों की जिंदगी'

लखनऊ, (यूएनएस)। जैसे शहर में दूर दराज से काम की तलाश में आये लोगों ने अपनी जमापूंजी का निवेश कर होटल लीज पर ले कर अपने व्यवसाय को स्थापित करने का प्रयास किया और वो ही उनकी आय का एकमात्र जरिया बना। महामारी के कारण व्यवसाय में 2020 में हुए नुकसान की वजह से जो व्यवसाय हुआ उसका लगभग 70: हिस्सा बिल्डिंग के किराए के तौर पे होटल मालिक को दे दिया, बचे 25: प्रतिशत बिजली का बिल और कर्मचारियों के वेतन का भुगतान,बिल्डिंग मेंटिनेंस व कर्मचारियों के खाने पीने में हुआ व्यय, बचे लगभग 5: हिस्से से वह अपना व परिवार का जीवन यापन कर रहा था, ऐसे में इस कोरोना बीमारी की वजह से इन व्यवसायियों के ऊपर दुखो का पहाड़ सा टूट पड़ा ये डिप्रेशन का शिकार होते जा रहे है, सिर्फ यह सोच कर की कमाई कुछ हुई नही बिल्डिंग का किराया कैसे दे ,जो कर्मचारी थे उनकी पगार कैसे दे, बिजली का फिक्स चार्ज कैसे दे। ये समस्या सिर्फ इन व्यवसाइयों की नही है इनसे जुड़े हजारों कर्मचारियों की है क्या अब वे आगे काम पर बुलाये जाएंगे अब उनका परिवार कैसे चलेगा क्या सरकार की तरफ से उन्हें कोई सहयोग मिलेगा आगे कैसा होगा उनका भविष्य होटल व्यवसाय से जुड़े योगेश पांडेय ने बताया की अगर सरकार ने इनके बारे में ना सोचा तो इस इंडस्ट्री से जुड़े करोड़ो लोग बेरोजगार हो जाएंगे और उनके पास आत्महत्या के अलावा और कोई रास्ता नही बचेगा। कोरोना से तो बेचारे बच गए लेकिन भूख से कौन बचाएगा।

### बनारस में ढहा जर्जर भवन, दो मजदूरों की मौत,आधा दर्जन घायल

लखनऊ, (यूएनएस)। वाराणसी में निर्माणाधीन काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के पास मंगलवार सुबह बड़ा हादसा हुआ ,जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। आज सुबह–सुबह काशी विश्वनाथ धाम में एक जर्जर भवन गिर गया।

## गौरीश्रीराम मे संदिग्ध परिस्थितियों मे युवक का बगीचा मे मिला शव, हत्या का आरोप

अमित रेखा – रामाशंकर सिंह

कुशीनगर। कुशीनगर जनपद के तमकुहीराज सीओ सर्किल क्षेत्र के विशुनपुरा थाना अन्तर्गत ग्राम पंचायत गौरीश्रीराम गांव




में धूसा टोला निवासी मैनेजर, तिवारी का शव बीते 31 मई, दिन सोमवार को सुबह घर से थोड़ी दूर स्थित एक बगीचे मे संदिग्ध परिस्थितियों में मिला ।बताते चलें कि सुबह शौच करने गये लोगों ने शव देख कर शोर मचाया ।शोर गुल सुनकर घटना स्थल पर जन सैलाब उमड पडा । सनद रहे कि परिजन ने पडोसियों पर हत्या का आरोप लगाया है । घटना की सूचना मिलते ही मुकामी पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर लाश को अपने कब्जे मे लेकर विधिक कार्रवाई मे जुट गयी । पुलिस ने आनन फानन मे,तीन आरोपित को हिरासत में ले लिया है, तथा पूंछ ताछ कर रही है । परिजन के मुताबिक मृतक व पडोसी प्रमोद वर्मा के बीच दो दिन पूर्व मार पीट हुई थी ।उल्लेखनीय है कि प्रमोद वर्मा की तहरीर पर पुलिस ने दोनों पक्षो को थाने बुलाकर सुलह समझौता करा दिया । आरोप है कि दूसरे पक्ष व्दारा बीते 30 मई, दिन रबिवार को जान मारने की धमकी दी गई और मनोहर तिवारी रांत से ही गायब था । दूसरे दिन उनका शव एक बगीचे मे संदिग्ध परिस्थितियों में मिला । परिजन शव को आरोपित के,दरवाजे पर रख कर आरोपित के घर के अन्दर बन्द कर दिया ।इस सम्बन्ध में पूछे जाने पर उपपुलिसअधीक्षक तमकुहीराज फूलचन्द्र कन्नौजिया ने बताया कि तीन आरोपित को हिरासत में लेकर पूछ ताछ की जा,रही है ।पोस्ट मार्टम व तहसील के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया जायेगा ।इधर मृतक के परिजन पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं।

## 18 से 45 वर्ष के आयु के व्यक्तियों का वैक्सीनेशन सुरु

अमित रेखा ब्यूरो महराजगंज। जिला संयुक्त हास्पिटल महराजगंज में 18 वर्ष की आयु तथा 45 वर्ष की आयु से उपर



व्यक्तियों को वैक्सीनेशन अभियान अन्तर्गत मा0विधायक सदर जयमंगल कन्नौजिया,जिलाधिकारी डा0 उज्ज्वल कुमार की उपस्थिति में मा0सांसद श्री पंकज चौधरी द्वारा फीता काटकर शुभारम्भ किया । शुभारम्भ पश्चात वैक्सीनेशन कक्ष का निरीक्षण भी किया । 18 वर्ष आयु की ज्योति पटेल तथा 45 वर्ष आयु से अभिराम को वैक्सीनेशनध्टीका लगाया गया । उक्त अवसर पर सांसद महोदय ने कहा कि अधिक से अधिक ब्यक्तियों को वैक्सीनध टीकाकरण किया जाय । उन्होने कहा कि कोरोना से वैक्सीनध्टीका ही बचाव में उपयोगी है। सांसद महोदय ने इस अवसर पर अपील भी किया कि हास्पिटल व गावों में लगने वाले कैम्पो में अधिक से अधिक आमजन वैक्सीनेशनध्टीकाकरण करायें । जिससे इस घाटक बिमारी से बचाव हो सके । उक्त अवसर सी0एम0ओ0डा0ए0के0श्रीवास्तव,अपर उप जिलाधिकारी अविनाश कुमार,डा0राकेश कुमार,डा0आई0ए0अन्सारी,डा0विकास यादव,अनिल तोमर सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## लगातार हो रही बारिश से दुदही रेलवे पर जल जमाव

अमित रेखा – रमाशंकर सिंह

कुशीनगर। सडक पर फैला कीचड पानी गौरीश्रीराम (कुशीनगर) दो दिनों से,लगातार हो रही बारिश से दुदही रेलवे सडक पर कीचड व पानी फैल गया है । जगह जगह गड्ढों मे पानी भरने से,राहगीर गिर कर घायल हो जा,रहे हैं । बताते चलें कि दुदही रेलवे सडक के किनारे जल निकासी की समुचित ब्यवस्था न होने से सडक पर जगह जगह जल जमाव की समस्या खडी हो गयी है ।लगातार हो रही बारिश से दुदही रेलवे सडक पानी से लबालब भरा हुआ है । सनद रहे कि दुदही रेलवे स्टेशन के पूर्वी डाले से दुदही बाजार होते हुए पश्चिमी ढाले तक बरसाती पानी जमा हो जाने से इस मुख्य एवं ब्यस्तम सडक पर आवागमन प्रभावित



हो गया है ।सडक जमा पानी कई दिनों तक रहता है । इस सडक से होकर आने जाने वाले लोगों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है साथ ही कई दिनों तक जमा गन्दे पानी से बदबू आने लगती है ।लोगों को संक्रामक रोगो के फैलने की आशंका भी बनी रहती है । यह सडक काफी ब्यस्त है ।इस मार्ग से प्रति,दिन हजारों की संख्या मे लोग आते जाते हैं ।सनद रहे कि इस सडक पर कुछ महीने पूर्व कंकड विछा कर छोड दिया गया है जिससे लोगों को परेशानी होती है ।इसके बावजूद इस पर जिम्मेदार लोगों का ध्यान नहीं दिया जा,रहा है । सडक अधूरा छोड़ दिए जाने से लोगों को सडक पर गिरने का डर सताता है । जिम्मेदारों की लापरवाही से इस सडक पर कार्य नहीं काराया जा,रहा है।

## नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा सर्दी, खासी, जुखाम व बुखार के लक्षण वाले मरीजो के प्राथमिक उपचार हेतू औषधि किट का किया गया वितरण

अमित रेखा मुनीर/राजन बृजमनगंज महराजगंज। संक्रमण को लेकर अपने कैम्प कार्यालय पर सभासद गणो के



नौतनवा नगर पालिका अध्यक्ष गुड्डू खान की ओर से कोरोना साथ आज एक बैठक आयोजित की गई ।जिसमें उपस्थित प्रतिनिधि यों से कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए सुरक्षा मानकों का पालन करने के लिए वार्ड वासियों के घर घर जाकर जागरूक करने का अनुरोध किया गया तथा सर्दी, खासी, जुखाम व बुखार के लक्षण वाले मरीजो में वितरित करने हेतू 5 दिन की औषधि किट वितरित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि ष्कोरोना महामारी में हम आमजन के दुखो में शामिल होकर उनकी हरसंभव मदद करे तथा वार्ड में सर्दी, खासी,जुखाम व बुखार वाले मरीजो को पूरी औषधि किट की दवा देकर उनका प्राथमिक उपचार किया जाय। अधिशासी अधिकारी 'बीरेन्द्र कुमार राव ने बताया कि ष्लॉकडाउन में ढील देने का ये अर्थ नही है कि कोरोना खत्म हो गया है अभी भी सतर्कता व सुरक्षा की जरूरत है। इस अवसर पर सभासद शाहनवाज खान,धर्मात्मा जायसवाल, सुरेन्द्र बहादुर जायसवाल, किसमती देबी,अनिल जायसवाल, प्रमोद पाठक के अलावा अन्य प्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

## कप्तानगंज-पड़रौना मुख्य मार्ग से लक्ष्मीगंज जाने वाली सड़क हुई जलमग्न

**– शासन प्रशासन किया मौन धारण**

अमित रेखा – रामाशंकर सिंह

कुशीनगर। बताते चले कप्तानगंज –पड़रौना एनएच 730 से जो पिच सड़क लक्ष्मीगंज चीनी मिल– पुलिस चौकी– इंटर कॉलेज होते हुए दहाउर को जाती है वह भटवलिया मोड़ तक जरूरत से ज्यादा टूट चुकी है और इस समय जनपद में लगातार हो रहे तूफानी बरसात के वजह से जलमग्न और कीचड़युक्त हो चुका है जिसके वजह से दुर्घटना होते होते बच रहा है। यदि समय से पहले इस सड़क का निर्माण नही कराया गया तो कोई बड़ी अनहोनी कभी भी घट सकती है। इस सड़क को बनवाने के लिए कई बार जनप्रतिनिधियों को भी अवगत कराया जा चुका है और जिम्मेदार सिर्फ मौन धारण कर अपने आंख पर काला चश्मा लगाकर तमाशाबीन बने हुये है जो आने वाले समय मे इन लोगों को जवाब देने में जनता परहेज भी नही करेगी। उक्त बाते वेटरनस एसोसिएशन (पूर्व सैनिक संगठन) के राष्ट्रीय अध्यक्ष, किसान मोर्चा व भारतीय किसान यूनियन (अ) की जिला इकाई, कुशीनगर के जिलाध्यक्ष रामचन्द्र सिंह ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध यम से अवगत कराया है। आगे श्री सिंह ने प्रदेश सरकार को कड़े शब्दों में बताया है योगी सरकार का दावा सिर्फ और सिर्फ खोखला साबित हो रहा है क्योंकि 2017 में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का दावा था कि 15 जून 2017 तक सूबे की जो भी सड़क गढ्ढायुक्त है उसे गढ्ढामुक्त किया जाएगा मगर उनका किया गया वादा हवा हवाई साबित होता दिख रहा है ।अन्त में राष्ट्रीय अध्यक्ष, किसान मोर्चा श्री सिंह ने बताया है की यदि उक्त सड़क को तत्काल बनवाने के लिए शासन प्रशासन द्वारा तत्काल बनवाने का कार्य नही शुरू किया गया तो हमारा संगठन जिलाधिकारी कार्यालय को घेरने के लिए बाध्य होगा जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

## साइबर अपराधियों द्वारा महिला के खाते से उड़ाए 27000

अमित रेखा प्रतापगढ़। भारतीय स्टेट बैंक से साइबर क्राइम, अपराधियों द्वारा महिला के खाता से ध 27000 उड़ा लिए इसकी शिकायत पुलिस की थाना कंधई क्षेत्र के लोनिया पुर गांव निवास ने चंदा बानो पत्नी गुलजार अली ने कोतवाल पट्टी को तहरीर देकर आरोपित किया कि बीते बुधवार को उसके मोबाइल पर 8350 0 96873 से फोन आया और फोशन उसने रिसीव किया इसके बाद फोन रख दिया इतने में मैसेज आया कि उसके खाते से ध27000 निकल गया महिला हैरान रह गई जबकि महिलाओं द्वारा अपने खाते से कोई भी लेनदेन नहीं किया है इसकी सूचना भारतीय स्टेट बैंक शाखा पट्टी को देने के बाद कोतवाल पट्टी को तहरीर देकर अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की।

## सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर वायरल हो रहे हर्ष फायरिंग के वीडियो का संज्ञान लेते हुए दर्ज किया गया अभियोग

अमित रेखा प्रतापगढ़। शादी में दुल्हन द्वारा लाइसेंसी रिवाल्वर से हर्ष फायरिंग की गई हर्ष फायरिंग का वीडियो जब सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो पुलिस हरकत में आई किया रिपोर्ट दर्ज। थाना जेठवारा थानाक्षेत्र के ग्राम लक्ष्मण का पुरवा में गिरजाशंकर पाण्डेय पुत्र रामनरायण पाण्डेय की पुत्री रुपा पाण्डेय के द्वारा अपनी शादी में चाचा रामवास पाण्डेय पुत्र रामनरायण पाण्डेय की लाईसेन्सी रिवाल्वर से फायरिंग की गई थी। बीते 30 मई को शादी में दुल्हन द्वारा हर्ष फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो पुलिस जागी और मु0अ0सं0 225ध2021 धारा 286, 188, 269, 270 भादवि, 51 आपदा प्रबन्धन अधिनियम व 30 शस्त्र अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया।

## मौसम का मिजाज बदला आँधी तूफान के साथ मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त

अमित रेखा मुनीर/राजन

बृजमनगंज महराजगंज। जिले में मौसम ने अचानक करवट ले लिया है। मंगलवार को तेज–आंधी के साथ अचानक काला बादल छा गए। वहीं बारिश के कारण बढ़ते तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की गई है। जिससे लोगों को राहत मिली है। वहीं दूसरी ओर अचानक काले बादल घने से लोग आश्चर्य में भी पड़ गए हैं। वाहन को सड़क पर अपनी गाडियों के लाइट जलाकर जाना पड़ रहा है। आधी–पानी के चलते बिजली की सप्लाई बाधित करनी पड़ी।

## घर से बुलाकर दो भाइयों को मनबढ़ो ने मारा गोली

अमित रेखा खजनी गोरखपुर। बेलघाट कस्बे के निवासी संजय एवं उनके भाई रंजय पुत्र धुरई बेलदार को सोमवार देर रात घर से बुलाकर बेलघाट चौराहे पर मनबढ़ो ने गोली मार दिया और फरार हो गए दोनों को पुलिस ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंवाया जहां से जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया। जिसमें संजय की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बेलघाट कस्बे के बेलदारी टोला में संजय घर पर सोया हुआ था लगभग 9रू30 से 10रू00 बजे रात के बीच में बेलघाट निवासी कृष्णा अग्रहरी पुत्र रमेश ने फोन करके चौराहे पर बुलाया जहां पर उनकी पिता का मेडिकल स्टोर है उसी के बगल में शिवम सिंह की एक बेकरी की दुकान है ।इसी दुकान पर कुछ लोग पहले से बैठे हुए थे संजय जब घर से चलने लगा तो उसके पीछे उसका छोटा वाला भाई भी टोकते हुए साथ में चल दिया और घर से 100 मीटर की दूरी पर दुकानें हैं वहां पर संजय जब पहुंचा तो कुछ लोग पहले से बैठे थे और इन दोनों को टांग ले गए पहले संजय को गोली मारे छुड़ाने के लिए उसका छोटा भाई रंजय पहुंच गया उसको भी गोली मार के लोग फरार हो गए। घटना के पीछे कई तरह की बातें आ रही हैं। आज शाम को भी संजय और कृष्णा के शिवम की दुकान पर आज शायद में कुछ कहासुनी हुआ था। इसके अलावा बीडीसी के चुनाव में एक ही वार्ड से कृष्णा और संजय दोनों लोग दावेदार थे संजय लास्ट में पर्चा नहीं भरे और अंतिम दिन कृष्णा अपना परचा वापस ले लिए ।समाचार लिखे जाने तक संजय की मृत्यु की सूचना मिल रही है। जिला चिकित्सालय से उसको कंफर्म करवा लिया जाए बेलघाट और सिकरीगंज थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई है संजय की उम्र 22 साल है और रंजय की उम्र 17 साल है संजय की पत्नी प्रेग्नेंट है एक 2 साल का बच्चा है इस समय बेहोश स्थिति में पड़ी हुई है।

## ग्रामीणों ने लगाया कोटेदार पर घटतौली का आरोप, न.पं.अ. को दिया ज्ञापन

अमित रेखा बृजमनगंज महराजगंज। नगर पंचायत आनंदनगर के विस्तारित क्षेत्र रतनपुर खुर्द की कोटेदार मंजू देवी पर घटतौली व निर्धारित दर से अधिक धन लेने की शिकायत कार्डधारकों ने किया है। रविवार को नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश जायसवाल को ज्ञापन सौंपकर लोगों ने शिकायत दर्ज कराई है। अपने प्रार्थना पत्र में लिखा है कि कोटेदार 4 किलो प्रति यूनिट राशन वितरित कर रहे हैं। जबकि प्रति यूनिट 5 किलो राशन निर्धारित है। इतना ही नहीं गेहूं के लिए 3 रूपए प्रति किलो तथा चावल के लिए 4 रूपए प्रति किलो वसूला जाता है। जबकि शासनादेश के अनुसार गेहूं2 एवं चावल 3 रूपए प्रति किलो के दर से वितरित किए जाने का निर्देश है। कोविड–19 संक्रमण के चलते नगर क्षेत्र के कोटेदार जमकर मनमानी कर रहे हैं। कार्ड धारकों का आरोप है अन्त्योदय राशन कार्ड धारकों को भी पूरा राशन नहीं दिया जा रहा है। जबकि कोटेदार हर महीने मशीन में अंगूठा लगवा ले रहे हैं ।आरोप है कि यह खेल नगर क्षेत्र में लंबे समय से चल रहा है ।शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। भाजपा कार्यकर्ता नवीन सोनकर,विकास चौरसिया ,शिवम जायसवाल ने नगर पंचायत अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपकर कहा कि पूरा देश जहां कोरोना संक्रमण से जूझ रहा है। गरीब मजदूर लाकडाउन के चलते बेरोजगार हो गए हैं ।उद्योग धंधे बंद हैं। लोगों के सामने आर्थिक तंगी मुंह बाए खड़ी है। ऐसी स्थिति में शासन ने जो कदम उठाए हैंउसका लाभ लोगों को ठीक से नहीं मिल पा रहा है। इस कार्य पर समीदुद्दीन, शकील,मोहम्मद इद्रीस, मनोज जायसवाल,जुबेर अहमद,नूरजहां,रेखा देवी एकत्रित रहे।

## दरौंदा में सीएसपी संचालक से हथियार के बल पर 3.94 लाख की लूट

अमित रेखा मेहरौना लार

सिवान – जिले के दरौंदा थाना क्षेत्र के रुकुंदीपुर गांव में सोमवार की दोपहर तकरीबन 3.00 बजे के आसपास बेखौफ अपराधियों ने एक सीएसपी संचालक से तीन लाख 94 हजार रुपए लूट लिए. घटना थाना क्षेत्र के रुकुंदीपुर शनिचरा स्थान से महज दो सौ मीटर अंदर गांव के समीप की है. घटना के संबंध में बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के रसुलपुर गांव निवासी सरोज कुमार यादव महाराजगंज थाना क्षेत्र के लेरूआ गांव स्थित स्टेट बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र का संचालन करता है. सोमवार को महाराजगंज शहर स्थित स्टेट बैंक से पैसा निकालकर लेरुआ अपने स्टेट बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र लौट रहा था. इसी दौरान दरौंदा के रुकुंदीपुर शनिचरा स्थान से महज दो सौ मीटर अंदर गांव के समीप बेखौफ अपराध ायों ने हथियार के बल पर तीन लाख 94 हजार रुपया लूट कर फरार हो गये. घटना के बाद सीएसपी संचालक सरोज कुमार यादव ने बताया कि तीन बाइक पर सवार पांच की संख्या में अज्ञात अपराधियों ने पीछे से आगर उनके ऊपर पिस्टल तान दी. अपराधी गोली मारने की बार बार धमकी दे रहे थे. जिसके बाद डर कर रुपयों से भरा बैग अपराधियों को दे दिया. पैसा लेने के बाद अपराधी हथियार हवा में लहराते हुए भागने में सफल हो गए. अपराधियों के जाने के बाद मैंने शोरगुल मचाना शुरू किया. इसके बाद मौके पर सैकड़ों की संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई. बाद में पीड़ित ने थाना प्रभारी अजीत कुमार सिंह को इसकी सूचना दिया।

## बृजमनगंज पुलिस ने अवैध कच्ची शराब के साथ 6 लोगों को गिरफ्तार किया

अमित रेखा बृजमनगंज। जनपद महराजगंज के पुलिस अधीक्षक के कुशल नेतृत्व व अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन और क्षेत्राधिकारी के कुशल पर्यवेक्षण मे आज बृजमनगंज पुलिस ने मु0अ0स0 117ध2021, मु0अ0स0 130ध2021 धारा 60(1) अधि0 व मु0अ0स0 131ध2021 धारा 60(1) आ0 अधि0 132ध2021व 133ध2021, 134ध2021, 135ध2021, से संबंधित 6 अभियुक्तों को आज दिनांक 30ध05ध2021 को समय 10 बजे 160 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया जिनके नाम प्रदीप पुत्र रामधारी निवासी ग्राम महुलानी टोला सुमेरपुर, सुनील पुत्र रामप्रसाद निवासी ग्राम महुलानी टोला सुमेरपुर, रामकेश पुत्र रामधनी निवासी फुलमनहा, रमेश पुत्र रामकेवल निवासी ग्राम महुलानी टोला लालजोत, दीपक पुत्र दुखी निवासी ग्राम फुलमनहा टोला चिरैयाकोट, राजमन पुत्र मुकुट निवासी फुलमनहा है इनको गिरफ्तार करके न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम मे बृजमनगंज थाने के एसआई अनघ कुमार, हेड कांस्टेबल देवेंद्र यादव, कांस्टेबल कुलदीप कुमार, निर्भय कुमार, इंतियाज अंसारी, सौरभ गिरी, सुरेश कुमार, कुलदीप सिंह, सतेंद्र कुमार, संजीव कुमार,महिला कांस्टेबल अनुराधा शुक्ला, शालिनी गुप्ता शामिल रहे।

## नगर पंचायत तमकुही में निर्माणाधीन पुलिया पर फसी ओवरलोड ट्रक, आवागमन 2 घंटे बंद

**– पीडब्ल्यूडी व नगर पंचायत की घोर लापरवाही**

**– 16 दिन बाद भी नहीं बन पाई तमकुही सम उर मार्ग की पुलिया**

**– कल तुमकुही विधायक की भी यहां फंसी थी गाड़ी विधायक के कहने के बाद भी कार्यों में लापरवाही**

अमितरेखा – कृष्णा यादव

तमकुही राज – कुशीनगर। प्राप्त समाचार के अनुसार नगर पंचायत तमकुही राज मैं तमकुही सम उर मार्ग पर निर्माणाधीन



पुलिया जिम्मेदार अधिकारियों के उदासीनता के कारण 16 दिन बाद भी नहीं बन पाई है रविवार को तमकुहीराज के विधायक अजय लल्लू की गाड़ी इस पुलिया पर फंसी थी जिसका वीडियो वायरल लोगों ने जमकर किया सोमवार को सायंकाल लगभग 6 बजकर 30 मिनट पर तमकुही रोड की तरफ से आ रही ओवरलोड ट्रक सम उर जाने के लिए इसी रास्ते पर चल पड़ी जो आगे चलकर पुलिया के मध्य में फस गयी, फसने का कारण है कि पुलिया बनाने के लिए साइफन का उपयोग हो रहा है तथा इस पर मिट्टी डाल दी गई है हल्की बारिश में यह पूरा मिट्टी दलदल हो गया है छोटी गाड़ियां इस रास्ते से कुछ लोग निकाल रहे हैं जिसको देखते हुए भी ट्रक चालक ने भी इसी रास्ते अपना ट्रक निकालने का प्रयास किया जो मध्य में आकर फस गई है आने जाने का रास्ता पूर्ण रूप से बंद है विदित हो कि कल तमकुही विधायक की स्कॉर्पियो भी इसी जगह पर फसी हुई थी जिसको टोचन करके निकाला गया अविलंब पुलिया निर्माण के लिए विध ायक ने पीडब्ल्यूडी के जे, ई ,को दूरभाष पर बातचीत की परंतु पीडब्ल्यूडी तथा नगर पंचायत तमकुही के जिम्मेदार अधिकारियों के लापरवाही के कारण यह पुलिया लोगों के कोप भाजन का शिकार बनी हुई है। जेसीबी मशीन मंगा कर 2 घंटे बाद ट्रक को निकाल कर रास्ता खाली कराया गया तथा इस पर पत्थर की बिटिया रात में ही डाली गई है मौके पर जे मौजूद रहे छोटी गाड़ियों का किसी तरह से आवागमन चालू हो सका है।

## आर्केस्ट्रा के दौरान पिस्टल लहराने और फायरिंग करने का वीडीओ हुआ वायरल

### – एसपी ने दिए जांच का आदेश

अमित रेखा – संतोष पाठक

कुचायकोट – गोपालगंज। गोपालगंज जिले के कुचायकोट थाना क्षेत्र के उचकागांव में एक शादी समारोह के दौरान पिस्टल लहराते हुए फायरिंग करने का एक युवक का वीडियो तेजी। वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस मामले के जांच कर कार्यवाई में जुट गई है। दरअसल कोरोना महामारी के बीच शादी समारोह में नाच गाना और आर्केस्ट्रा पर रोक लगाई है। लेकिन गोपालगंज जिले में आयोजकों द्वारा नियमो कानून को ताक पर रख कर खूलेआम कोरोना गाइड लाइन की धज्जियां उड़ाने से बाज नही आ रहे है। साथ ही शादी समारोह में हर्ष फायरिंग भी कानून के खिलाफ है। बावजूद लोग अश्लील डांस कर रही नर्तकियों के पास हथियार लहराते हुए फायरिंग करना अपना शान समझते है। इसी बीच एक विडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है जिसमे दावा किया जा रहा है कि यह वीडियो कुचायकोट थाना क्षेत्र के उचकांगाँव की है जहां देर रात एक बारात आई थी। बारात में महफिल सजी हुई थी। इस दौरान डीजे के धुन पर नर्तकियों द्वारा डांस की जा रही थी ।इसी बीच एक युवक पिस्टल लहराते हुए दनादन फायरिंग कर रहा। ।ऐसी दावा की जा रही है कि फायरिंग करता हुआ युवक उसी गाँव के निवासी समाजसेवी मनीष कुमार है। युवक द्वारा की जा रही फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होते एसपी ने वीडियो की सत्यता के जांच के आदेश दिए है, वही इस सन्दर्भ में पुलिस अध ीक्षक आनंद कुमार ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जायेगी। लाइसेंसी हथियार होने पर रद्द किया जाएगा लाइसेंस। अवैध हथियार होने पर आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज कर कार्यवाई कर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

## बेरोजगारी का दंश झेल रहे युवाओ के लिए भाजपा की कोई नीति नही:संजय मिश्रा

अमित रेखा अमरजीत शर्मा

प्रतापगढ़। प्रसिद्ध समाजसेवी और प्रदेश कांग्रेस कमेटी उत्तर प्रदेश के सदस्य संजय मिश्रा ने पत्रकारों से बातचीत कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण आज देश में बेरोजगारी का आलम बढ़ता ही जा रहा है और भाजपा सरकार के पास युवाओं के लिए कोई भी नीति स्पष्ट नहीं दिखाई दे रही है ।30 दिनों में 16 बार पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़े हुए हैं । दाल सरसों दूध और घी सभी के दाम बेतहाशा बढ़ते जा रहे हैं एक तरफ बेरोजगारी और दूसरी तरफ महंगाई से जनता टूट चुकी है उक्त बातें प्रसिद्ध समाजसेवी और प्रदेश कांग्रेस कमेटी उत्तर प्रदेश के सदस्य संजय मिश्रा ने कही उन्होंने कहा कि अलीगढ़ में शराब माफियाओं की सत्ता से मिलीभगत के कारण 73 लोग मारे जा चुके हैं और सरकार अभी आंकड़े छुपाने में लगी हुई है सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मोदी सरकार को कुंभकरणीय नींद से जगाने की कोशिश कर रहा है तब ऐसा महसूस होता है कि देश कितना पीछे चला गया हैं। पहले देश आर्थिक विकास दर से 7 फीसदी था भाजपा ने सिर्फ 7 फीसदी विनाश दर 7 सालों में तय कर लिया है एक देश में पांच दामों में वैक्सीन क्यों मिल रहे हैं इसका मतलब यह है कि सरकार इस में भी भेदभाव करके लाभ लेना चाहती है और सत्ता से जुड़े बड़े घरानों को लाभ देना चाहती है।

# प्रखंड मुख्यालयों कुचायकोट पर आज से शुरू हुआ कार्य

**– पच्चीस प्रतिशत कर्मी की होगी उपस्थिति**



अमित रेखा – संतोष पाठक

कुचायकोट – गोपालगंज। वैश्विक महामारी कोरोना को करीब एक माह बाद खुले प्रखंड मुख्यालयों पर रौनक लौटने लगी है। मंगलवार से ही लोग कार्यालय खुला है या बन्द है इसकी जानकारी लेने पहुंच गए। वैसे पहला दिन बीडीओ वैभव शुक्ल ने सभी प्रखंड, पंचायत और पंचायत जनप्रतिनिधियों से अलग अलग बैठक कर पंचायतों के लोगों की जानकारी लिया। जिसमें पंचायतों में बढ़ रहे कोरोना को लेकर सभी मुखिया, बीड़ीसी, वार्ड, विकास मित्रो आदि को विशेष निर्देश दिए गए। बीडीओ ने सभी ग्रामीण आवास सहायकों के साथ बैठक करते हुए अपना अपना बचाव कर कार्य को पुनः शुरू करने का निर्देश दिया। इन्होंने सभी आवास कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि आवास प्लस एप पर नए लाभुकों की समीक्षा कर सूची अविलंब कार्यालय में जमा करें ताकि नए सत्र में उनको लाभ दी जा सके। बीडीओ ने प्रखंड के बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र के पंचायतों के कर्मियों को विशेष निर्देश देते हुए पंचायत की अद्यतन स्थिति से अवगत करवाने का निर्देश दिया। साथ ही कहा की बाढ़ पीड़ितों की समुचित व्यवस्था की जिम्मेवारी हम सबकी है। ऐसे में वैसे परिवार को चिन्हित कर जल्द सूची दे जो पूर्व में पीड़ित थे। बैठक में बीडीओ ने सरकार के लॉक डाऊन के नियमो का शत प्रतिशत पालन करने का निर्देश दिया। इन्होंने कहा कि सरकार के गाइड लाइन के अनुसार ही बाजार चलेंगे। कानून का उलंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में आवास पर्वेक्षक अमिताभ कुमार सिंह, लेखा सहायक रमेश कुमार,आवास सहायक ब्रजेश चौबे, कंचन कुमार सिंह, शशिभूषण प्रसाद, अजित कुमार, प्रकाश कुमार, राहुल कुमार, राजेश राम, रविरंजन, आजाद अली, कुंदन राय, संदीप मिश्र, सुबोध शुक्ल, कृति कुमारी, राजकुमार, सुमंत कुमार, राकेश डिवदी सभी सभी मुखिया, बीड़ीसी, वार्ड सहित कर्मी आदि थे।

# ग्राम सभा का सेनेटराइज कराना बेहद जरूरी:बी डी ओ

अमित रेखा – मनीष तिवारी

पिपराघाट – कुशीनगर। जनपद के सेवरही विकासखंड के बी डी ओ विवेकानंद मिश्रा ने कहा कि सभी प्रधान से कह दिया कि अपने अपने ग्राम सभा का सेनेटेराइज, कराए ।तथा कोरोना महामारी पर जागरूकता अभियान और कोरोना गाइडलाइन का पालन अपने ग्रामीणों से करवाएं। इस दौरान बी डी ओ विवेकानंद मिश्रा ने बताया कि ध्यान रहे कि मार्केट खुलने का इंतजार सिर्फ आप ही नहीं कर रहे हैं,कोरोना भी कर रहा है द्य इसलिए संभल कर चले और सुरक्षित रहे ।वर्तमान कोरोना वैश्विक महामारी के द्वितीय चरण की भयावहता से सब लोग परिचीत हैं,बावजूद इसके सरकार व विभिन्न विभागों द्वारा लगाएं गई बंदिशों को तोड़ने से नही रूक रहे हैं। इस वर्ष कोविड़ शहरों के बजाय गांवों में अपने पैर जमाएं हुई हैं,जो हर दिन छोटे–छोटे गांवों,कस्बों में औसतन प्रतिगांव 4 से 5 मौत हो रही हैं। लेकिन फिर भी शादी,बैठकें,शवयात्रा समेत अनेक कार्यकमों के नाम पर सरकारी



गाइडलाइन का जमकर मखौल उड़ा रहे हैं ।अब हम घरों से बाहर भी निकलेगें और प्रशासन के जुर्माने के चक्कर में कपड़े के हल्के मास्क लगाकर घुमने से नही रूकेगें। व्यक्ति अपने जीवन को संकट से बचाने के लिए नही बल्कि अनेकों स्थानों पर सरकारी जुर्माने से बचने के लिए मास्क लगाते हैं। गांवों में जिस घर में कोई कोविड़ पॉजिटिव आ गया तो संक्रमित व्यक्ति तो चिंता में आ ही जाता हैं दूसरी ओर उसके परिवार के अन्य सदस्यों से भी लोग इतना परहेज करने लगते हैं कि अगर शुरू से ही इतने गंभीर होते तो शायद गांवों में कोरोना का प्रवेश नही होता। गांवों में कोविड़ के मरीज संक्रमित होते ही जांच के नाम पर चिंतित होने लगते हैं और जब जांच निगेटिव आ गई तो कोई बात नही और अगर पॉजिटिव आ गई आधे से ज्यादा हताश हो जाता हैं। इसके बाद टेलिविजन व सोशिल मीडिया इस संक्रमित हताश व्यक्ति को मौत की ओर धकेलने से नही चूकते हैं। शहरों में लोगों ने कोविड़ को लेकर खबरों से बचने के लिए मोबाईल व टेलिविजन से इस प्रकार के कार्यक्रम,वीडियों देखने से परहेज करने लगे हैं। इससे अब स्पष्ट हो चुका है कि सरकार व विभागों ने कोविड़ रोकथाम के लिए जमकर अभियान चलाएं जिसमें लॉकडाउन तक शामिल हैं,लेकिन दूसरे चरण में शहरों में कोविड़ पर काबू पाया जा रहा हैं,लेकिन गांवों में पैर जमाने लगा हैं द्यकोरोना महामारी से बचने के लिए कोविड टीकाकरण किया जा रहा हैं। प्रतिदिन समाचार पत्रों में संसाधनों की कमी के मामले उजागर होते हैं,लेकिन हम इसके बाद भी सरकार की गाइडलाइन की पालन करने के बजाय उसका उल्लंघन करना ज्यादा ठीक समझ रहे हैं। संक्रमण को रोकने के लिए आत्म अनुशासन और अगर संक्रमित हो गए तो आत्म विश्वास से ही कोविड की जंग जीती जा सकती हैं। दूसरी बात हैं संक्रमित व्यक्ति को उसको आत्म विश्वास रखना होगा, क्योंकि उपचार के दौरान आत्म विश्वास डगमगाने से कोई दवा काम नही करेगी। आत्म विश्वास के बूते ही कोविड वार्डों,केयर सेंटरों पर चिकित्सक व नर्सिंग स्टाफ कोविड संक्रमित लोगों के उपचार में 24 घंटे जुटे हुए हैं। कोविड महामारी से बचने के लिए आत्म–अनुशासन व आत्म–विश्वास ये दोनों ही आवश्यक बातें है द्य इसी क्रम में प्रेस वार्ता में बी डि यो विवेकानंद मिश्रा ने अपील किया कि मास्क लगाएं एवं कोरोना गाइडलाइन का पालन करें। इस मीटिंग के दौरान बहुत सारे प्रधान मौजूद रहे और प्रधानों ने बीडियो के आदेश का ग्रामीणों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। अंत में विवेकानंद मिश्रा ने कहा कि सभी प्रधान के ग्राम सभा के विकास संबंधी बातों का ख्याल रखा जाएगा।

## जिलाधिकारी एवं एसपी का स्वागत किया गया

अमित रेखा ब्यूरो महराजगंज। जिलाधिकारी डा0उज्ज्वल कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में




कोविड 19 के नियत्रंण व रोकथाम हेतु वैक्सीनध्टीकाकरण अभियान के तहत मीडिया वैक्सीनेशन का आयोजन किया गया । आयोजन में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा वैक्सीनेशन का शुभारम्भ किया गया । इस अवसर पर अमित त्रिपाठी द्वारा जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक का स्वागत करते हुए वैक्सीनध्टीकाकरण हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया। मीडिया की सुरक्षा की दृष्टिगत लोकगीत गायक व समाजसेवी अमित अजंन के द्वारा उपलब्ध करायी गयी 60 भांप लेने वाली मशीन/वेपराइजर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा पत्रकार में वितरित किया गया । वैक्सीनेशन अभियान अर्न्तगत प्रतिदिन 1200 ब्यक्तियों को टीकाकरण किया जाना है । टीकाकरण में सभी ब्लाक के गावों में कैम्प के माध्यम से 800 वैक्सीन,200 अभिभावक जिनके 12 वर्ष से कम आयु के माता पिता तथा 200 में 50–50 की सख्या में न्यायालय,पत्रकार,शिक्षा व बैंक कर्मचारियों हेतु विभाजित कर टीकाकरण किया जा रहा है । उक्त अवसर पर भारी सख्या में मीडिया से पत्रकार उपस्थित रहे।

## डीएम ने किए 156 सचिवों के ताबड़तोड़ तबादले

'अमित रेखा मुनीर/राजन

महराजगंज। जिलाधिकारी डॉ उज्ज्वल कुमार ने एक साथ



सैंकड़ों सचिवों के ताबड़तोड़ तबादले किए इस तबादले से कई सचिवों के पैर से जमीन ही खिसक गई है, तो कई को नई और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। पंचायत चुनाव बीतने के लगभग महीने बाद जिलाधिकारी उज्ज्वल कुमार के आदेशों पर आज जिले के 156 सेक्रेटरी के तबादले किए गए हैं साथ–साथ एडीओ पंचायतों की भी फेर–बदेल की गई है।

## बुद्धा एजुकेशनल वेलफेयर चेयरमैन अपने जन्मदिन पर अनाथ बच्चों के साथ बांटी खुशियां

अमित रेखा – दयानन्द चौरसिया

रामकोला – कुशीनगर। जनपद के रामकोला में संचालित





बुद्धा एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी के चेयरमैन अखिलेश कुशवाहा समाजहित के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। ऐसे ही इस बार उन्होंने अपने 26वें अवतरण दिवस के उपलक्ष में सार्वजनिक स्थानों पर 26 पौधे जैसे नीम, आम, लीची, कटहल, अशोक इत्यादि तथा नेबुआ नौरंगिया थाना पर 11 पौधों का वृक्षारोपण किया। चेयरमैन ने परसौनी स्थित अनाथालय में अनाथ बच्चों के बीच पहुंचकर बच्चों में आम, लीची, बिस्किट, टॉफी चॉकलेट, नमकीन इत्यादि बाट कर अपना अवतरण दिवस मनाया। समाज के लिए यह एक बहुत सकारात्मक पहल है। इस मौके पर संस्था के चेयरमैन अखिलेश कुशवाहा एवम कंप्यूटर आपरेटर बबलू अंसारी तथा थाना नेबुवा नौरंगिया के प्रभारी निरीक्षक श्री मिथिलेश राय, वीरा प्रसाद यादव उपस्थित रहे।

**– खबर का हुआ असर**

## अस्पताल गली का मरम्मत कार्य शुरू

अमित रेखा ब्यूरो महराजगंज

कोल्हुई। आज जिले के कोल्हुई कस्बे के सरकारी अस्पताल गली में विगत कई वर्षों से सड़क में बड़े बड़े गड्ढे होने से




जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी ,जिससे राहगीरों समेत स्थानीय निवासियों का हाल दुर्भर हो गया था ,रोड पर हल्की सी भी बरसात में जलजमाव होने से बदबू उठ रही थी जिससे संक्रामक बीमारियों के भी फैलने का खतरा बढ़ गया था, कोल्हुई युवा व्यापार मंडल इसको लेकर अधिकारियों से वार्ता किया और अमित रेखा ने खबर प्रमुखता से प्रकाशित किया जिसके बाद हरकत में आए विभाग ने सोमवार को तात्कालिक निस्तारण के लिए सड़क पर स्थित गड्ढों में ईट और राबिश से अस्थाई राहत देने का कार्य शुरू किया ,विभाग के लोगो ने बताया कि बरसात के बाद इस रोड का स्थाई कायाकल्प किया जाएगा,साथ ही नाली जाम व नालियों का ढक्कन टूटने के सम्बन्ध में भी व्यापार मंडल टीम ने सेक्रेटरी पवन सिंह से वार्ता किया जिसपर सेक्रेटरी ने एक से दो दिन के अंदर नाली जाम की समस्या को भी दूर करने का आश्वासन दिया। उक्त मार्ग का सुद्धिकरण कराए जाने पर युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष देव अग्रहरि, उपाध्यक्ष अभिषेक रौनियार, संगठन महामंत्री असलम खान ,संयुक्त महामंत्री मोहन प्रजापति वरिष्ठ समाजसेवी अकबाल अहमद खान,समाजसेवी राकेश अग्रहरि समेत स्थायी निवासी असलम खान, रफीक खान ,रामेश्वर जायसवाल, पप्पू जायसवाल, दीनानाथ कसौधन, रामेश्वर जायसवाल, सूरज मोदनवाल , बैजनाथ,गुड्डू गौड़ आदि सैकड़ो लोगो ने खुशी जताई वही वरिष्ठ समाजसेवी अकबाल अहमद ने कहा विगत कई माह से सड़क जर्जर हो गया था जिससे सड़क पर चलना दुर्भर हो गया था जबकि लगातार कई दिनों से व्यापार मंडल युवा टीम के कोशिशो के बाद आज सड़क की मरम्मत अस्थाई रूप में विभाग द्वारा कराई जा रही है जिससे राहगिरो समेत मुहल्लेवासियों को काफी राहत मिलेगी।

## देवरिया पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध अभियान जारी

अमित रेखा देवरिया। कच्ची शराब के विरूद्ध दिनांक 29.05. 2021 से चलाए जा रहे अभियान के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रान्तर्गत



दबिश देकर काफी मात्रा में लहन व भट्ठियों को नष्ट करते हुए कच्ची शराब की बरामदगी कर संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही की गयी।

इसी क्रम में दिनांक 31.05.2021 को जिलाधिकारी देवरिया श्री आशुतोष निरंजन व पुलिस अधीक्षक देवरिया डा0 श्रीपति मिश्र के निर्देशन में से चलाए जा रहे अभियान के दौरान समस्त उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी व आबकारी अधिकारीगण के नेतृत्व में समस्त प्रभारी निरीक्षक ध थानाध्यक्ष द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध अभियान के क्रम में अपने–अपने क्षेत्रान्तर्गत संभावित स्थानों पर दबिस देते हुए कुल 155 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए 10 अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए उनके विरूद्ध विभिन्नों थानों पर कुल 09 अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## तमकुही राज नगर पंचायत के व्यापारी ने दिखाई दरिया दिली

**– कोविड–19 के योद्धा गरीब हाकरों में बांटे गए राशन**

**– प्रसिद्ध व्यवसायी भाजपा नेता बैजनाथ मद्धेशिया के बड़े पुत्र ने उदारता कि दिखाई मिसाल**

अमितरेखा – कृष्णा यादव

तमकुही राज – कुशीनगर। जनपद के तमकुही राज नगर पंचायत के प्रसिद्ध व्यवसायी एवं भाजपा नेता बैजनाथ प्रसाद



मद्धेशिया के पुत्र संजय मद्धेशिया ने आंशिक लॉकडाउन के दौरान कोविड–19 में गरीब लोगों की मदद करने के लिए साहस का परिचय देते हुए सोमवार की शाम को अपने आवास पर कोरेना जैसी बीमारी में घर घर अखबार पहुंचाने वाले गरीब हाकरो तथा मेहनतकश मजदूरों को बुलाकर अपने आवास पर आवश्यक भोजन सामग्री का पैकेट वितरण किया तथा तमकुही राज में एक मिसाल कायम करते हुए अन्य व्यवसायियों से भी अनुरोध किया कि गांव के गरीब मजदूर नगर पंचायत में पल्लेदारी का काम करने वाले उन गरीबों की मदद किया जाए जिनके परिवार की जीव का पल्लेदारी पर ही निर्भर है यह एक पुनीत कार्य है मानव की सेवा ही मानव धर्म से जुड़ा है इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य प्रदीप गुप्ता सहित बाजार के व्यवसायी उपस्थित रहे।

## खेत की रखवाली करने गयी महिला को आवारा सांड ने किया घायल

अमित रेखा प्रतापगढ़। थाना आसपुर देवसरा क्षेत्र के तिबी पुर



गांव में खेत की रखवाली कर रही महिला को आवारा सांड ने मारकर किया घायल। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के तिवीपुर निवासी शांति देवी तिवारी उम्र पचास वर्ष पत्नी स्वर्गीय राम लखन तिवारी आज सुबह घर के बगल स्थित अपने खेत में सब्जी की फसल की रखवाली कर रही थी कि अचानक आवारा सांड ने शांति देवी पर हमला कर दिया हमलें से शांति देवी गंभीर रूप से घायल हो गई सोर सुन करध्द ग्रामीणो ने किसी तरह से सांड कोध वहा से लाठी डंडे की मदत से ध्भगाया और उसकी सूचना घायल महिला को परिजनों को दीध गयी परिजन खनन फानन मेध घायल महिला को पन्नालाल समुदायिक केंद्र ले गए जहां पर डाक्टरों ने हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया जिला अस्पताल में घायल महिला का इलाज चल रहा ध्और गांव में बहसी सांड कीध दहसत बनीध है।

## फोन से बात करते हुए युवती ने लगाई नदी में छलांग

अमित रेखा प्रतापगढ़। नगर कोतवाली के गाय घाट पुल एक युवती फोन से बात कर रही थी देखते ही देखते युवती ने नदी में छलांग लगा दी उसको बचाने के लिए मछली मार रहे दो तीन लोगों ने प्रयास किया पर युवती का पता नहीं चल सका। प्रतापगढ़ नगर कोतवाली इलाके के गाय घाट पुल पर एक युवती अपने मोबाइल से मोबाइल पर फोन से बात कर रही थी और एकाएक अचानक वह पुल से नदी में छलांग लगा दी जिसको देखकर राहगीर और आसपास के लोग हैरान रह गए नदी के किनारे दो–तीन लोग मछली मार रहे थे युवती को बचाने के लिए नदी में छलांग लगाएं काफी खोजबीन किया परंतु युवती का कुछ पता नहीं चल सका, पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोर बुलाने की बात कह रहे थे फिर हाल रहस्य बना हुआ है वह युवती कौन थी और किस कारण से आत्महत्या के लिए प्रेरित हुई शव मिलने के बाद ही इसका खुलासा हो सकेगा।

## नाली का मुंह हुआ बंद ,नहीं निकल रहा बारिस का पानी

अमित रेखा – विनोद कुशवाहा

विशुनपुरा – कुशीनगर। कुशीनगर जनपद के विशुनपुरा



विकासखंड के घूरछपरा ग्राम सभा के खोटही टोला पर रोड के किनारे बनी नाली का मुंह बन्द है जिससे बारिश का पानी रोड पर ही इकट्ठा हो रहा है जिसमें गांव व राहगीरों को आने–जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और तो और पानी इकट्ठा होने से अनेक प्रकार के संक्रमण बीमारी का खतरा बन रहा है पानी निकास की सही व्यवस्था नहीं किया गया तो आने वाले बरसात के दिनों में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है और हाल ही में रिपेयरिंग हुए रोड का भी क्षतिग्रस्त होना सुनिश्चित है।

## तूफान से पेड़ धराशाई आवागमन रहा बाधित

अमित रेखा अमरजीत शर्मा

प्रतापगढ़। मंगलवार की दोपहर तेज हवा के कारण दाउदपुर



चांदा मार्ग पर पेड़ गिरने से घंटों यातायात बाधित रहा,ग्रामीणों की मदद से सड़क से पेड़ को हटाया गया। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के दयाल गंज बाजार के निकट मंगलवार दोपहर एक बजे के करीब दाउदपुर चांदा संपर्क मार्ग पर महुआ का हरा पेड़ सड़क के बीचो–बीच गिर गया जिसके कारण घंटो तक संपर्क मार्ग पर आवागमन बाधित रहा ग्रामीणों की मदद से किसी तरह संपर्क मार्ग से पेड़ को हटाकर आवागमन शुरू किया गया।

## बिहार पंचायत चुनाव को लेकर बड़ा फैसला

अमित रेखा – कृष्णा यादव

तमकुही राज – कुशीनगर। प्राप्त समाचार अंसार बिहार प्रदेश में




पंचायत चुनाव को लेकर भारी असमंजस की स्थिति जनता में बनी हुई है। बिहार में कोरोना महामारी के कारण पंचायत चुनाव को टाल दिया गया हैं। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह हैं की 15 जून को पंचायत के वर्तमान जनप्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्त हो रहा हैं। ऐसे में पंचायती राज विभाग के तहत हो रहे काम कार्य का क्या होगा। मिली जानकारी के मुताबिक आज बिहार कैबिनेट की हुई बैठक में बिहार पंचायत चुनाव ना होने की स्थिति में बड़ा फैसला हुआ। साथ ही साथ इस समस्या का समाधान भी निकाला गया हैं। इसकी जानकारी खुद बिहार के पंचायती राज मंत्री सम्राट चौधरी ने दी हैं।

## भटनी नगर पंचायत ने अपने कर्मचारियों को कराया कोरोना जांच

अमित रेखा मेहरौना लार। भटनी नगर पंचायत ने अपने सभी कर्मचारियों का करेना जांच कराया महामारी को देखते हुए नगर पंचायत मेंअपने कर्मचारियों को कोविड–19 की जांच कराई इसमें सफाई कर्मी और अन्य स्टाफ थे। नगर अध्यक्ष डॉक्टर बलराम जयसवाल और ईओ मंगला प्रसाद यादव ने बताया कि महामारी के बढ़ते रूप में बचाव करना बहुत जरूरी है इसमें सतर्क और सावधान रहना बहुत जरूरी है बीमारी से बचाव हर हाल में जरूरी है इस महामारी को लेकर यह जरूरी कदम उठाया गया है नगर पंचायत के सभी कर्मचारियों को करेना जांच कराया जा रहा है डॉक्टरोंकी टीम ने सभी लोगों की जांच कर ली है नगर अध्यक्ष ने बताया कि संक्रमण से बचाव के लिए हर जरूरी कदम उठाया जाएगा ताकि लोग संक्रमण से बचे रहें हर हाल में नगर को इस संक्रमण से बचाना है और सभी नागरिक को सरकार की गाइडलाइन का पालन भी करना है ताकि संक्रमण से सभी लोग बचे रहें और इस भयावह महामारी से सुरक्षित रहें डॉक्टरों की जांच टीम के साथ नगर अध्यक्ष और ईओ भी मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक तथा सम्पादक अमरनाथ पाण्डेय द्वारा अमित प्रिन्टर्स कालेज रोड फाजिलनगर से मुद्रित ग्राम बरदहा पाण्डेय फाजिलनगर कुशीनगर से प्रकाशित।

सम्पादक
अमरनाथ पाण्डेय
मो. – 9532989009

उप सम्पादक – के.के. राय
सह. सम्पादक– चन्द्रशेखर यादव
प्रदेश प्रभारी– राजू प्रसाद श्रीवास्तव मो0– 9792617070
विज्ञापन व्यवस्थापक– नसरूल्लाह अंसारी
प्रबंधक– निखिल कुशवाहा
ईमेल : amitrekhaksn@gmail.com
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कुशीनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।